<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग I खंड I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/27/2024 - डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
5, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001

दिनांक: 24.09.2025

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>
<u>मामला सं. - एडी (ओ आई) - 25/2024</u>

विषय: चीन जन. गण. और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "रिसोर्सिनॉल" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

फा. सं. 6/27/2024 - डीजीटीआर: समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे इसके बाद अधिनियम के रुप में भी कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे इसके बाद पाटनरोधी नियमावली या नियमावली के रुप में भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

1. जबकि, अतुल लिमिटेड (जिसे इसके बाद "आवेदक" अथवा "घरेलू उद्योग" के रुप में भी कहा गया है) ने सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार, चीन जन. गण. और जापान (जिसे इसके बाद "संबद्ध देश" के रुप में भी कहा गया है) से रिसोर्सिनॉल (जिसे इसके बाद "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "संबद्ध वस्तु" के रुप में भी कहा गया है) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरुआत करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद "प्राधिकारी" के रुप में भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन दायर किया है।

2. और जबकि, आवेदक द्वारा दायर किए गए विधिवत प्रमाणित आवेदन को देखते हुए, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 30 सितंबर 2024 की अधिसूचना सं. 6/27/2024 - डीजीटीआर के तहत एक सार्वजनिक सूचना जारी की है, जिसमें पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार चीन जन. गण. और जापान से विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू की गई है ताकि संबद्ध वस्तुओं के किसी भी कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की राशि की सिफारिश की जा सके, जिसे यदि लगाया जाता है, तो घरेलू उद्योग की कथित क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

क. प्रक्रिया

3. जांच के संबंध में नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने नियम 5 के उप नियम (5) के अनुसार जांच शुरू करने से पहले भारत में स्थित संबद्ध देशों के दूतावासों को वर्तमान पाटनरोधी आवेदन के प्राप्त होने के संबंध में सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए दिनांक 30 सितंबर 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित किया गया।

ग. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए ईमेल पतों के अनुसार, भारत में स्थित उनके दूतावासों के माध्यम से, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/ उपयोगकर्ताओं और घरेलू उद्योग के साथ-साथ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरुआत अधिसूचना की एक प्रति भेजी और उनसे निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों और संबद्ध देशों की सरकारों को, भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से, आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति प्रदान की। आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जहां भी अनुरोध किया गया, उपलब्ध कराई गई।

ड़. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी:

i. एपेलोआ फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड
ii. बुइपो इंटरनेशनल
iii. चांगशान हैचेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
iv. ईस्ट वेस्ट कॉर्पोरेशन
v. फार्मासिनो कंपनी लिमिटेड
vi. हांग्जो बेटर केमटेक लिमिटेड
vii. हांग्जो वेरीकेम साइंस एंड टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड
viii. केन्को कॉर्पोरेशन
ix. शंघाई एमिनो-केम कंपनी लिमिटेड
x. सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन
xi. सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड
xii. झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड

च. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने देशों के निर्यातकों/ उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

छ. संबद्ध जांच शुरू होने पर, संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/ निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर दाखिल करके प्रतिक्रिया दी है:

i. झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
ii. चांगशान हैचेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
iii. झेजियांग डायस्टार ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
iv. अमीनो-केम (एचके) कंपनी लिमिटेड
v. सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन
vi. सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड
vii. बी.आर. केमिकल्स
viii. सौंगवोन इंटरनेशनल - जापान के.के.
ix. ईस्ट वेस्ट कॉर्पोरेशन

x. इनाबाटा एंड कंपनी लिमिटेड

xi. सुमिका केमटेक्स कंपनी लिमिटेड

ज. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/ उपयोगकर्ताओं को आयातक एवं उपयोगकर्ता प्रश्नावली भेजकर नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक यूख्चपस कर मांग की है।

i. अनिल ऑर्गेनिक्स

ii. एरीज़ डाई केम इंडस्ट्रीज

iii. एरीज़ ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड

iv. एशियाटिक कलर-केम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड

v. ब्लैक रोज़ इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड

vi. कैवेंडिश इंडस्ट्रीज लिमिटेड

vii. केमस्पार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

viii. एंडोर्स केमिकल्स एलएलपी

ix. इनोवासिंथ टेक्नोलॉजीज (इंडिया) लिमिटेड

x. जे.के. टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

xi. मदुरा इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

xii. राजशा केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड

xiii. रोहा डाई केम प्राइवेट लिमिटेड

xiv. सराफ केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड

xv. सिद्धार्थ कलरकेम प्राइवेट लिमिटेड

xvi. सिंह प्लास्टिसाइज़र्स एंड रेजिन्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

xvii. सोमू ऑर्गेनो केम प्राइवेट लिमिटेड

xviii. सोंगवॉन स्पेशलिटी केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

xix. एसआरएफ लिमिटेड

xx. टेक्नो वैक्सकेम प्राइवेट लिमिटेड

झ. संबद्ध जांच अधिसूचना की शुरुआत के प्रत्युत्तर में, निम्नलिखित आयातकों/ उपयोगकर्ताओं ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर दाखिल करके प्रतिक्रिया दी है:

i. ब्लैक रोज़ इंडस्ट्रीज

ii. सोमू ऑर्गेनो केम प्राइवेट लिमिटेड

iii. ताओका केमिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

iv. टेक्नो वैक्सकेम प्राइवेट लिमिटेड

v. आल्प्स केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड

ञ. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया है। सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई, और साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय पाठ अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

ट. डीजी सिस्टम्स से क्षति अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों का लेन-देन-वार विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने लेन-देनों की उचित जांच किए जाने के बाद आयातों की मात्रा की गणना करने और आवश्यक विश्लेषण करने के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

ठ. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 7 मार्च 2025 को आयोजित की गई सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित आवेदन करने और उसके बाद प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

ड. निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन होने के कारण, दिनांक 4 जुलाई 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों ने भाग लिया। जिन हितबद्ध पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए थे, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित आवेदन और उसके बाद प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

ढ़. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा नियमावली के अनुबंध III को ध्यान में रखते हुए, भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की इष्टतम लागत और निर्माण करने व बिक्री करने की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) की गणना की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

ण. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि (पीओआई) दिनांक 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की है। क्षति विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में वित्त वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 की अवधि और जांच की अवधि शामिल थी।

त. इस जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए आवेदनों पर, साक्ष्यों द्वारा समर्थित और वर्तमान जांच के लिए संगत पाए जाने की सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा उचित रूप से विचार किया गया है।

थ. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर, जहां भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है।

द. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों से युक्त प्रकटीकरण विवरण दिनांक 8 सितंबर 2025 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटीकरण-पश्चात की टिप्पणियों की, जहां तक संगत समझा गया, जांच की है। कोई भी आवेदन जो केवल पिछले आवेदन की पुनरावृत्ति था और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

ध. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी संगत तर्कों और प्रदान की गई सूचनाओं पर, जहां तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जांच के लिए संगत मानी गई हैं, विचार किया है।

न. प्राधिकारी द्वारा सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे और पीसीएन पद्धति पर अपनी टिप्पणियां देने का अवसर प्रदान किया गया।

प. इस अधिसूचना में '***' एक हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना को दर्शाता है और नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस पर विचार किया गया है।

फ. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 83.69 है।

ख. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

4. वर्तमान जांच की शरुआत के चरण में, विचाराधीन उत्पाद के दायरे के रूप में निम्नलिखित पर विचार किया गया था।

"विचाराधीन उत्पाद रिसोर्सिनॉल है। विचाराधीन उत्पाद को 1,3-बेंजीनडायोल; 1,3-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्ज़ीन; 3-हाइड्रॉक्सीफेनॉल; रेसोर्सिन मेटा-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्ज़ीन के नाम से भी जाना जाता है और इसका रासायनिक सूत्र $C_6H_6O_2$ है। विचाराधीन उत्पाद की सीएएस संख्या 108-46-3 है। विचाराधीन उत्पाद सफेद से लेकर हल्के सफेद रंग के गुच्छों के रूप में आता है और जल में घुलनशील है तथा व्युत्पन्नीकरण के लिए अनुकूल है।"

ख.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में कोई अनुरोध नहीं दिया है।

ख.2. घरेलू उद्योग के विचार

6. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. संबद्ध वस्तुओं के निर्माण हेतु तीन विनिर्माण प्रक्रियाएं हैं: सल्फोनेशन-फ्यूजन प्रक्रिया; हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया; और एमपीडीए हाइड्रोलिसिस प्रक्रिया। घरेलू उद्योग सल्फोनेशन-फ्यूजन प्रक्रिया का उपयोग करता है। विभिन्न प्रक्रियाओं का उपयोग करके निर्मित संबद्ध वस्तुएं एक समान हैं, समान विनिर्देशों वाली हैं और समान उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जाती हैं।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

ख.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

7. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद रिसोर्सिनॉल है, जिसे बाज़ार की भाषा में 1,3-बेंजीनडायोल; 1,3-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्ज़ीन; 3-हाइड्रॉक्सीफेनॉल; रेसोर्सिन मेटा-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्ज़ीन के नाम से भी जाना जाता है और इसका रासायनिक सूत्र C6H602 है।

8. विचाराधीन उत्पाद का निर्माण तीन विनिर्माण प्रक्रियाओं का उपयोग करके किया जा सकता है, जिनमें सल्फोनेशन-फ्यूजन प्रक्रिया, हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया और एमपीडीए हाइड्रोलिसिस प्रक्रिया शामिल हैं। आवेदक ने यह अनुरोध किया है कि वह संबद्ध वस्तुओं के निर्माण के लिए सल्फोनेशन-फ्यूजन प्रक्रिया का उपयोग कर रहा है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं के उपयोग से अंतिम उत्पाद में कोई अंतर नहीं आता है। विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं का उपयोग करके निर्मित की गई संबद्ध वस्तुओं का उपयोग एक ही अनुप्रयोग के लिए और एक ही तरीके से किया जाता है, और विभिन्न प्रक्रियाओं का उपयोग करके निर्मित किए गए अंतिम उत्पाद की विशेषताओं में कोई अंतर नहीं आता है।

9. विचाराधीन उत्पाद को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची I के अध्याय 29 के अंतर्गत एचएस कोड 2907 2100 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। सीमा

शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

10. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद, भौतिक एवं रासायनिक गुणों, कार्यों एवं उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, मूल्य निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। यद्यपि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन में विभिन्न विनिर्माण प्रक्रियाएं शामिल हैं, फिर भी अंतिम उत्पाद के विनिर्देश तुलनीय हैं और उनका उपयोग एक-दूसरे के स्थान पर किया जाता है। इसी के आलोक में, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित किए गए उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना जाता है।

ग. घरेलू उद्योग का दायरा एवं स्थिति

ग.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

11. घरेलू उद्योग के कार्यक्षेत्र और स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

ग.2. <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

12. घरेलू उद्योग के कार्यक्षेत्र और स्थिति के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक भारत में संबद्ध वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक है और उसके उत्पादन में संबद्ध वस्तुओं के लिए संपूर्ण भारतीय उत्पादन शामिल है।

ii. आवेदक ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है।

iii. आवेदक ने वर्ष 2021-22 के दौरान चीन में अपने संबंधित पक्षकार से संबद्ध वस्तुओं की नगण्य मात्रा का आयात किया है।

iv. आवेदक को वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग के रूप में पात्र माना जाना चाहिए।

ग.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

13. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को इस प्रकार से परिभाषित किया गया है:

"(ख) "घरेलू उद्योग" से तात्पर्य समग्र रूप से ऐसे घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे संबंधित किसी भी गतिविधि में लगे हैं या जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उस वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा है, सिवाय इसके कि ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध हों या स्वयं उसके आयातक हों, ऐसी स्थिति में "घरेलू उद्योग" शब्द का तात्पर्य शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

14. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच शुरू करने के लिए अतुल लिमिटेड द्वारा आवेदन दायर किया गया था, जो कि भारत में संबद्ध वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक है। आवेदक ने यह अनुरोध किया है कि उसने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक की चीन जन. गण. में एक संगत संस्था है। आवेदक ने यह अनुरोध किया है कि उसने अनुसंधान एवं विकास उद्देश्यों के लिए वर्ष 2021-22 के दौरान संगत पक्षकार से इन विचाराधीन उत्पादों की [***] मीट्रिक टन की नगण्य मात्रा का आयात किया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि ये आयात जांच की अवधि से पहले किए गए थे और इस प्रकार, आवेदक घरेलू उद्योग के रूप में वर्गीकृत होने के लिए पात्र है।

15. पूर्वोक्त को देखते हुए, प्राधिकारी का यह मानना है कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग है और यह आवेदन पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति की अपेक्षा को पूरा करता है।

घ. <u>गोपनीयता</u>

घ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

16. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक ने पृथक की गई बिक्री प्रवृत्तियों, परिशोधन व्यय, अनुक्रमित लागत विवरण आदि सहित प्रमुख आंकड़ों को छिपाया है, जिससे अत्यधिक गोपनीयता और पारदर्शिता के संबंध में चिंताएं उत्पन्न होती हैं।

ii. आवेदक ने देश-वार कीमत कटौती के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, और संचयी मूल्यांकन के आलोक में इसे अप्रासंगिक बताया है, जबकि प्राधिकारी ने स्वयं सिंगल मोड ऑप्टिकल फाइबर, इलेक्ट्रोगैल्वेनाइज्ड स्टील और जूट उत्पादों के मामले में देश-वार कीमत कटौती का प्रकटन किया है।

iii. आवेदक जापान के लिए सामान्य मूल्य के स्रोत और कारखाना-बाह्य सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए तीसरे देश के निर्यात कीमत में किए गए समायोजन का प्रकटन करने में विफल रहा है।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों के विपरीत, ब्लैक रोज़ की संबद्धता, विचाराधीन उत्पाद से जुड़ी इकाइयां, संगत कंपनी, वितरण चैनल और प्रभाव गणना से संबंधित सूचना व्यवसाय के प्रति संवेदनशील है और इसे साझा नहीं किया जा सकता।

v. ब्लैक रॉक ने घरेलू उद्योग को कथित क्षति के संबंध में प्रतिक्रिया का उचित सारांश प्रदान किया है।

घ.2. <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

17. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना, जैसे बिक्री किए गए उत्पादों की सूची, को गोपनीय बताया है और व्यापार सूचना 10/2018 की आवश्यकताओं का उल्लंघन किया है।

ii. अंतिम जांच परिणामों में सामान्यतः प्रकट की जाने वाली सूचना, जैसे वितरण चैनल और उन उत्पादकों का नाम, जिनसे संबद्ध वस्तुओं की खरीद की गई हैं, को गोपनीय बताया गया है।

iii. कई हितबद्ध पक्षकारों ने ग्राहकों को इनवॉयस के बाद छूट प्रदान की है, लेकिन छूट के प्रकार को गोपनीय बताया है।

iv. उचित तुलना करने के लिए समायोजन से संबंधित सूचना को गोपनीय बताया गया है।

v. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता के संबंध में विलम्ब से अनुरोध प्रस्तुत किए हैं।

vi. जापान के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण किए जाने के संबंध में सूचना सभी हितबद्ध पक्षकारों को प्रदान कर दी गई है।

vii. चूंकि वर्तमान जांच में संचयन की सभी शर्तें पूरी हो गई हैं, अत:देश-वार कीमत कटौती प्रदान करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

viii. जापान के लिए तीसरे देश की निर्यात कीमत में समायोजन उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है।

घ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

18. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर, गोपनीयता के दावों को, जहां भी आवश्यक हुआ, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। गोपनीयता के संबंध में पक्षकारों के तर्कों की भी नीचे जांच की गई है।

19. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्राधिकारी द्वारा जारी की गई जांच शुरुआत अधिसूचना के अनुसार, गोपनीयता के संबंध में अनुरोध दाखिल करने की अंतिम तिथि अगोपनीय दस्तावेज़ों की प्राप्ति की तिथि से 7 दिन थी। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कई हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता के संबंध में विलंब से अनुरोध दाखिल किए हैं।

20. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक ने जापान के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में सूचना प्रदान नहीं की है, प्राधिकारीउ यह नोट करते हैं कि उक्त सूचना आवेदन के परिशिष्ट के रूप में प्रदान की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित कर दी गई थी।

21. इस आवेदन के संबंध में कि अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने उत्तरों में कुछ सूचनाओं का प्रकटन करने में विफल रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने अपने द्वारा दावा की गई गोपनीयता को उचित ठहराया है। इसके अतिरिक्त, ऐसी सूचना का प्रकटन न किए जाने से घरेलू उद्योग के हितों को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

22. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने देश-वार कीमत कटौती की सूचना प्रदान नहीं की है, घरेलू उद्योग ने दिनांक 7 दिसंबर 2024 के पत्र के माध्यम से इसे पहले ही प्रदान कर दिया है।

23. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए जापान की तृतीय देश निर्यात कीमत में किए गए समायोजन प्रदान नहीं किए हैं। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने इस संबंध में रिकार्ड में दर्ज सूचना को अगोपनीय रूप में प्रदान किया है। निर्यात कीमत के लिए किए गए समायोजन का प्रकटन पहले ही कर दिया गया था। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जापान के लिए सामान्य मूल्य सहयोगी उत्पादक द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर के आधार पर निर्धारित किया गया है। अतः, ऐसी सूचना का प्रकटन न किए जाने से अन्य हितबद्ध पक्षकारों के हितों को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

ङ. <u>विविध अनुरोध</u>

ङ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

24. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. अनंतिम शुल्क उचित नहीं हैं क्योंकि आवेदक ने तीव्र आयातों या वित्तीय संकट के कारण क्षति की रोकथाम की तत्काल आवश्यकता प्रदर्शित नहीं की है।

ii. विगत जांचों में, 3 वर्ष की अवधि के लिए मानक शुल्क प्रभावी था। संबंधित आयात विगत शुल्क की अवधि के दौरान उचित मूल्य पर घरेलू बाजार में आए और घरेलू उद्योग ने निर्णायक समीक्षा की मांग नहीं की। वर्तमान जांच में भी यही शुल्क लगाया जाना चाहिए।

iii. विगत शुल्क निरर्थक हो गया था क्योंकि अमेरिकी संयंत्र के बंद होने के कारण बाजार में मांग व आपूर्ति का अंतर होने के कारण रिसोर्सिनॉल की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

iv. यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो उसे केवल 2 वर्ष की अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए। विगत जांच में भी, कोई निर्णायक समीक्षा नहीं की गई थी, जिससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई थी। दो वर्षों के बाद, एक निर्णायक समीक्षा की जा सकती है, और शुल्क केवल तभी बढ़ाया जा सकता है जब घरेलू उद्योग ने सभी उपयोगकर्ताओं को आपूर्ति की हो और कैप्टिव खपत पर ध्यान केंद्रित न किया हो।

v. आवेदक ने बिना उचित तर्क के डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया है। यह कम कीमत पर अधिक मात्रा में आयात का दावा करने का एक प्रयास है।

vi. आवेदन में जांच शुरूआत किए जाने का औचित्य सिद्ध करने के लिए पर्याप्त सूचना प्रदान नहीं दी गई है।

vii. जांच पाटन के पर्याप्त साक्ष्य के बिना शुरू की गई है क्योंकि आवेदक ने किसी तीसरे देश को जापान की निर्यात कीमत का विवरण नहीं दिया है।

ड़.2. <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

25. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, अंतरिम शुल्क को उचित ठहराने के लिए तीव्र क्षति दर्शाने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है।

ii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के विपरीत, संदर्भ कीमत शुल्क, पाटन और क्षति की समस्या से निपटने के लिए अप्रभावी रहा है क्योंकि संदर्भ कीमत घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम रहा। उक्त अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को अन्य कारकों के कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

iii. प्राधिकारी डीजी सिस्टम्स या डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों की मांग कर सकते हैं और घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की पुष्टि कर सकते हैं।

iv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस दावे के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की है कि आवेदन में जांच शुरू करने को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त सूचना नहीं दी गई है।

v. 5 वर्ष से कम अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने का कोई औचित्य नहीं है। यह वर्तमान मामले में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहां चीन सरकार ने जापान से आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाकर अपने घरेलू बाजार में उचित मूल्य को बनाए रखा है। अन्य हितबद्ध पक्षकार, परिस्थितियों में परिवर्तन होने पर, दो वर्ष के बाद मध्यावधि समीक्षा के लिए प्राधिकारी से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं।

ङ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

26. इस तर्क के संबंध में कि जांच शुरूआत करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं था, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आवेदक ने पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के प्रथम दृष्टया साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। प्रस्तुत साक्ष्य की प्रथम दृष्टया जांच किए जाने और प्रस्तुत साक्ष्य की सटीकता और पर्याप्तता के संबंध में स्वयं को पूरी तरह संतुष्ट किए जाने के बाद ही, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच शुरू की है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा ऐसी कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है जिससे कि प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकाले कि उनके द्वारा प्रथम दृष्टया दिया गया मत गलत था।

27. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो वह दो वर्ष के लिए होना चाहिए और शुल्क संदर्भ कीमत के रूप में होना चाहिए। यदि प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि वर्तमान मामले में शुल्क लगाए जाने की आवश्यकता है, तो वे उस अवधि और उसके स्वरूप पर विचार करेंगे जिसके लिए शुल्क की सिफारिश की जानी चाहिए।

28. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच के दायरे से बाहर

आने वाले कुछ उत्पादों का भी आयात विचाराधीन उत्पाद पर लागू एचएस कोड के अंतर्गत किया जा रहा है। घरेलू उद्योग सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों के पास डीजी सिस्टम्स या डीजीसीआई एंड एस के लेन-देन-वार आंकड़ों तक पहुंच नहीं है। घरेलू उद्योग ने अपने पास यथोचित रूप से उपलब्ध सूचना के अनुसार आयात की मात्रा और मूल्य प्रदान किया है। तथापि, वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है। अतः, घरेलू उद्योग द्वारा बाजार आसूचना आंकड़ों पर भरोसा करने से किसी भी हितबद्ध पक्षकार के हित को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

<u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

इ.4. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

29. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं।

i. चीन को गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि एक्सेसन प्रोटोकॉल का अनुच्छेद 15 दिनांक 11 दिसंबर 2016 को समाप्त हो गया है। अतः, सामान्य मूल्य निर्धारण करने के लिए 'सरोगेट देश' निर्धारित किए जाने की प्रथा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। ईसी-फास्टनर्स (चीन) में अपील निकाय की हाल की रिपोर्ट का संदर्भ लिया जा सकता है।

ii. भारत विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के रूप में "पैक्टा संट सर्वंदा" के सिद्धांत से बंधा है और उसे दिनांक 11 दिसंबर 2016 से चीन की पूर्ण बाज़ार अर्थव्यवस्था की स्थिति को मान्यता देनी होगी। वह निष्पादन में विफलता के औचित्य के रूप में घरेलू कानून का संदर्भ नहीं दे सकता।

iii. हाल तक, अमेरिका और यूरोपीय संघ भी इस समझ को साझा करते थे कि वर्ष 2016 के बाद चीन के साथ आर्थिक व्यवहार किया जाना चाहिए। यूरोपीय संघ द्वारा जारी व्याख्यात्मक ज्ञापन यह भी दर्शाता है कि वह चीन के विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश किए जाने के बाद केवल 15 वर्षों तक ही उसे एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रूप में मानेगा। तथापि, एक द्विपक्षीय करार के

आधार पर, व्हाइट हाउस चीन को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रूप में मानना जारी रखता है।

iv. जापान के लिए सामान्य मूल्य और दोनों संबद्ध देशों के लिए निर्यात कीमत, भाग लेने वाले उत्पादकों/ निर्यातकों द्वारा दायर की गई प्रश्नावली के उत्तरों पर आधारित होने चाहिए।

v. जापानी घरेलू बाजार पूर्णतः प्रतिस्पर्धी नहीं है और एससीसी के एकमात्र स्थापित निर्माता होने से प्रभावित है, इसलिए, उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य उसकी उत्पादन लागत और उचित लाभ के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए।vi. ताओका जापान रेसोर्सिनॉल का उत्पादक नहीं है, बल्कि संशोधित रेसोर्सिनॉल फॉर्मेल्डिहाइड रेज़िन का निर्माण करता है। इसके अलावा, ताओका जापान ने जाँच अवधि के दौरान भारत को निर्यात नहीं किया।

vii. आवेदक के मूल्य संबंधी दावे त्रुटिपूर्ण हैं, जिनमें सामान्य मूल्य की गणना बढ़ा-चढ़ाकर की गई है और समुद्री मालभाड़ा का समायोजन निराधार हैं।

viii. घरेलू उद्योग द्वारा दावा किया गया पाटन मार्जिन बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है। घरेलू उद्योग ने अपनी लागत और अन्य उत्पादकों के बीच अलग-अलग उत्पादन प्रक्रियाओं के लिए कोई समायोजन किए बिना, अपनी लागत के आधार पर सामान्य मूल्य का दावा किया है।

ङ.5. घरेलू उद्योग के विचार

30. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में निम्नलिखित अनुरोध किया है।

i. चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) के अनुसार चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए और सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I, नियम 7 के अनुसार किया जाना चाहिए।

ii. चूंकि चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) के प्रावधान अभी भी लागू हैं, अत: चीन जन. गण. में उत्पादकों द्वारा यह दर्शाया जाना आवश्यक है कि बाज़ार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं।

iii. ईसी-फास्टनर्स में अपील निकाय ने इस पर विशेष रूप से विचार नहीं किया कि अनुच्छेद 15(क) के संपूर्ण प्रावधान या केवल अनुच्छेद 15(क)(ii) के प्रावधान 15 वर्ष की समाप्ति पर समाप्त हो जाएँगे।

iv. सभी हाल की जांचों में, प्राधिकारी ने चीन जन. गण. को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रुप में माना है।

v. हितबद्ध पक्षकारों के दावों के विपरीत, यूरोपीय संघ और अमेरिका चीन जन. गण. की घरेलू बिक्री और लागत को अनदेखा कर रहे हैं। जबकि चीन ने इस संबंध में विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान निकाय से संपर्क किया था, लेकिन बाद में उसे निलंबित कर दिया था।

vi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध के विपरीत, चीन जन. गण. को बाजार अर्थव्यवस्था के रुप में नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि चीन के उत्पादक यह स्थापित करने में विफल रहे हैं कि उनके घरेलू बाजार में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं। चीन के उत्पादकों ने बाजार अर्थव्यवस्था प्रश्नावली का उत्तर भी दाखिल नहीं किया है।

vii. आवेदन दाखिल करते समय उपलब्ध सूचना के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा सामान्य मूल्य प्रदान किया गया है।

viii. जापानी उत्पादक का यह दावा कि बाजार की कीमत उसके एकमात्र उत्पादक होने के कारण प्रभावित होती है, जापानी उत्पादक द्वारा प्रभावशाली स्थिति के दुरुपयोग को दर्शाता है। तथापि, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि जापान में उपभोक्ताओं या जापान में प्रतिस्पर्धा अधिकारियों ने इस तरह के दुरुपयोग की जांच की है। उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य अनुबंध-I के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए और लाभ का निर्धारण व्यापार के सामान्य क्रम में की गई बिक्री के आधार पर किया जाना चाहिए।

ix. निवल निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा किए गए समायोजन उपलब्ध सूचना के अनुसार हैं। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है।

x. सुमितोमो केमिकल कंपनी द्वारा दायर प्रतिक्रिया को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इसके संगत पक्षकार, ताओका केमिकल कंपनी, वर्तमान जांच में भाग लेने में विफल रहे है। उक्त संस्था की वेबसाइट के अनुसार, यह विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है।

xi. विदेशी उत्पादक इनवॉयस के बाद छूट प्रदान कर रहे हैं और ग्राहकों के साथ उनके प्रतिपूरक समझौते हैं। प्राधिकारी इसकी पुष्टि कर सकते हैं।

xii. टेक्नो वैक्सकेम ने चीन के निर्यातक से रिसोर्सिनॉल का आयात किया है और उसी संस्था को डाउनस्ट्रीम उत्पाद का निर्यात किया है। जिस कीमत पर डाउनस्ट्रीम उत्पाद को चीन जन. गण. को निर्यात किया गया है वह उस कीमत से काफी कम है जिस पर उसने उसी उत्पाद को अन्य देशों को निर्यात किया है। इसके अलावा, टेक्नो वैक्सकेम ने चीन जन. गण. को डाउनस्ट्रीम उत्पाद के निर्यात की तुलना में अधिक कीमत पर संबद्धवस्तु का आयात किया है।

xiii. ब्लैक रोज़ द्वारा आयात की कीमत विश्वसनीय नहीं है क्योंकि इसका जापानी उत्पादकों के साथ एक विशेष व्यापारिक समझौता है। जापानी उत्पादकों द्वारा उत्पादित उत्पाद की आयात कीमत, जब व्यापारियों से आयात किया जाता है, तो ब्लैक रोज़ के आयात की कीमत से बहुत कम होता है, जिसने उक्त उत्पाद को सीधे उत्पादक से आयात किया है। एससीसी के मूल्य की जांच की जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वह सीमा से अधिक न हो।

xiv. पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

ड़.6. प्राधिकारी द्वारा जांच

31. सुमितोमो केमिकल कंपनी ("एससीसी") द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर को स्वीकार न किए जाने संबंधी अनुरोध के संबंध में, क्योंकि उसके संबंधित उत्पादक ने इसमें भाग नहीं लिया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि एससीसी का संगत पक्ष संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माण में संलग्न नहीं है। अतः, उक्त उत्पादक को वर्तमान जांच में भाग लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

32. इस अनुरोध के संबंध में कि एक प्रतिपूरक समझौता है और उत्पादक इनवॉयस प्रक्रिया के बाद छूट प्रदान कर रहे हैं, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि निर्यात कीमत सहयोगी उत्पादकों/ निर्यातकों की सत्यापित जानकारी के आधार पर निर्धारित किया गया है।

33. धारा 9क(1)(ग) के अंतर्गत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य से तात्पर्य है:

"i) समान वस्तु के लिए, व्यापार के सामान्य क्रम में, तुलनीय कीमत, जब वह निर्यातक देश या क्षेत्र में उपभोग के लिए हो, जैसा कि उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्धारित किया गया है, या

ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार के सामान्य क्रम में समान वस्तु की कोई बिक्री नहीं होती है, या जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में विशेष बाजार स्थिति या बिक्री की कम मात्रा के कारण, ऐसी बिक्री उचित तुलना की अनुमति नहीं देती है, तो सामान्य मूल्य या तो इस प्रकार होगा:

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत, जब निर्यातक देश या क्षेत्र या किसी उपयुक्त तीसरे देश से निर्यात किया जाता है, जैसा कि उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्धारित किया जाता है; या

उक्त वस्तु की मूलता के देश में उत्पादन लागत, प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागतों और लाभों के लिए उचित योग सहित, जैसा कि उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्धारित किया गया है;

(ख) बशर्ते कि मूलता के देश के अलावा किसी अन्य देश से वस्तु के आयात के मामले में और जहां वस्तु को निर्यात के देश के माध्यम से केवल ट्रांसशिप किया गया हो या ऐसी वस्तु निर्यात के देश में उत्पादित न हो या निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत न हो, सामान्य मूल्य मूलता के देश में उसकी कीमत के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा।"

34. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दाखिल किए हैं:

i. झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
ii. चांगशान हैचेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड
iii. झेजियांग डायस्टार ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
iv. अमीनो-केम (एचके) कंपनी लिमिटेड
v. सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन
vi. सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड
vii. बी.आर. केमिकल्स
viii. सोंगवोन इंटरनेशनल - जापान के.के.

ix. ईस्ट वेस्ट कॉर्पोरेशन

x. इनाबाटा एंड कंपनी लिमिटेड

xi. सुमिका केमटेक्स कंपनी लिमिटेड

ड़.7. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

ड़.7.1. चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य

35. डब्ल्यूटीओ में चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 के तहत प्रावधान इस प्रकार है :

"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता, 1994 ("पाटनरोधी समझौता") के अनुच्छेद-VI के कार्यान्वयन पर समझौता तथा एससीएम समझौता निम्नलिखित के अनुरूप डब्ल्यूटीओ सदस्यों में चीन मूल के आयातों वाली कार्यवाहियों पर लागू होंगे :

(क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी समझौते के तहत मूल्य की तुलना का निर्धारण करने में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांच अधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित के आधार पर चीन में घरेलू मूल्यों अथवा लागतें के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है :

(i) यदि जांच अधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैरा (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटरवेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा, आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैरा (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

36. आवेदक ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) का हवाला दिया है और उस पर भरोसा किया है। आवेदक ने यह दावा किया है कि चीन जन. गण. के उत्पादकों से यह प्रदर्शित करने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं। आवेदकों द्वारा यह कहा गया है कि यदि चीन के प्रतिवादी उत्पादक यह प्रदर्शित करने में असमर्थ हैं कि

उनकी लागत और मूल्य की सूचना बाजार-संचालित है, तो सामान्य मूल्य की गणना नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार की जानी चाहिए।

37. वर्तमान मामले में किन्हीं भी सैम्पल उत्पादकों ने बाजार अर्थव्यवस्था के अंतर्गत व्यवहार का दावा नहीं किया है। तदनुसार, सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जिसमें निम्नलिखित विवरण दिया गया है:

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर, या ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों को मूल्य के आधार पर या जहां यह संभव न हो, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा, जिसमें समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत भी शामिल है, जिसे यदि आवश्यक हो, तो उचित लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए विधिवत रुप से समायोजित किया जाएगा। संबंधित देश और संबंधित उत्पाद के विकास के स्तर को ध्यान में रखते हुए, निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उचित तरीके से एक उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा, और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी भी विश्वसनीय सूचना का उचित ध्यान रखा जाएगा। जहां उपयुक्त हो, किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में किसी भी समान मामले में की गई जांच का समय-सीमा के भीतर लेखा-जोखा लिया जाएगा। जांच में शामिल पक्षकारों को बिना किसी अनुचित विलंब के बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपरोक्त चयन के बारे में सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित समय दिया जाएगा।"

38. आवेदक ने यह दावा किया है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में देय मूल्य के आधार पर किया जाना चाहिए। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 में सूचीबद्ध आधारों के अलावा कोई अन्य आधार प्रस्तुत नहीं किया है, जो सामान्य मूल्य के निर्धारण का आधार बन सके। अतः, प्राधिकारी ने आवेदक की उत्पादन लागत के आधार पर, बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों और उचित लाभ के लिए विधिवत समायोजित, भारत में देय मूल्य के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

इ.7.2. चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत

झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत

39. जांच की अवधि के दौरान, झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (होंगशेंग) ने भारत को *** मीट्रिक टन निर्यात किया है, जिसमें से *** मीट्रिक टन सीधे निर्यात किया गया है। शेष मात्रा चांगशान हाइचेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड (हाइचेंग केमिकल), और झेजियांग डायस्टार ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (डायस्टार) के माध्यम से, और इसके बाद अमीनो-केम (एचके) कंपनी लिमिटेड (एमिनो एचके) और सोजित्ज़ कॉर्पोरेशन (सोजित्ज़) के माध्यम से निर्यात की गई है।

होंगशेंग → भारत में असंबंधित ग्राहक
होंगशेंग → हाइचेंग केमिकल (असंबंधित) → भारत में असंबंधित ग्राहक
होंगशेंग → डायस्टार (संबंधित) → अमीनो एचके (संबंधित) → सोजित्ज़ (असंबंधित) → भारत में असंबंधित ग्राहक

40. उपरोक्त सभी निर्यातकों और व्यापारियों ने प्राधिकारी के समक्ष सहयोग किया है। प्राधिकारी ने भारत में पहले असंबंधित ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर निवल निर्यात कीमत का निर्धारण किया है। उत्पादक और निर्यातकों ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, बंदरगाह और हैंडलिंग शुल्क, अंतर्देशीय माल भाड़ा, बैंक शुल्क और ऋण लागत के लिए समायोजन का दावा किया है। डेस्क सत्यापन के बाद इन्हें अनुमति दे दी गई है। इसके अलावा, संबंधित निर्यातकों/ व्यापारियों के घाटे को समायोजित किया गया है। भारत में असंबंधित ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर पहुंच मूल्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

चीन जन. गण. में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

41. चीन के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

इ.7.3. जापान के लिए सामान्य मूल्य

सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए सामान्य मूल्य

42. जांच की अवधि के दौरान, सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड (सुमितोमो) ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का *** मीट्रिक टन निर्यात किया है, जबकि घरेलू बाजार में *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि भारत को किए गए निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री की मात्रा पर्याप्त है, जिससे कि घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जा सके। सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड ने घरेलू बाजार में संबंधित और असंबंधित ग्राहकों को समान वस्तु बेची है। संबंधित व्यापारियों के लिए, प्राधिकारी ने व्यापारियों द्वारा पुन: बिक्री कीमत पर विचार किया है।

43. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन निर्धारित करने हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया का परीक्षण किया है। सामान्य मूल्य घरेलू बाजार में बिक्री मूल्य के आधार पर निर्धारित किया गया है। एससीसी ने घरेलू बीमा, अंतर्देशीय माल भाड़ा, हैंडलिंग और लोडिंग शुल्क और क्रेडिट लागत के कारण कीमत समायोजन का दावा किया है। दावा किए गए समायोजन डेस्क सत्यापन के बाद अनुमत किए गए हैं। इस प्रकार, कारखाना-बाह्य स्तर पर सामान्य मूल्य की गणना नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित अनुसार की गई है।

44. इस अनुरोध के संबंध में कि एससीसी के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए उचित लाभ लिया जाना चाहिए क्योंकि घरेलू बाजार एससीसी के एकमात्र निर्माता होने के कारण प्रभावित होता है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस तथ्य का कोई सबूत नहीं है कि उक्त उत्पादक अपने घरेलू बाजार में अनुचित लाभ वसूल रहा है। सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमों के अनुसार किया गया है।

जापान में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

45. जापान के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और इसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

इ.7.4. जापान के लिए निर्यात मूल्य

सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत

46. सुमितोमो ने भारत को विचाराधीन उत्पाद का *** मीट्रिक टन निर्यात किया है, जिसमें से *** मीट्रिक टन सीधे निर्यात किया गया है। शेष मात्रा बी.आर. केमिकल्स (बीआरसी) और ईस्ट वेस्ट कॉर्पोरेशन (ईस्ट वेस्ट), और सोंगवोन इंटरनेशनल - जापान के.के. (सोंगवोन) के माध्यम से निर्यात की गई है। सोंगवोन इंटरनेशनल - जापान के.के. ने बदले में, एक सहयोगी कंपनी, सोंगवोन स्पेशलिटी केमिकल्स-इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सोंगवोन इंडिया) को वस्तुओं की बिक्री की है। निर्यात के माध्यमों का सारांश नीचे दिया गया है।

सुमितोमो → भारत में असंबंधित ग्राहक
सुमितोमो → बीआरसी (असंबंधित) → ईस्ट वेस्ट (असंबंधित) → भारत में असंबंधित ग्राहक
सुमितोमो → सोंगवोन (असंबंधित) → सोंगवोन इंडिया (सोंगवोन से संबंधित) → भारत में असंबंधित ग्राहक

47. उपरोक्त सभी निर्यातकों, व्यापारियों और संबंधित आयातकों ने प्राधिकारी के समक्ष सहयोग किया है। प्राधिकारी ने पहले असंबंधित ग्राहक से ली गई कीमत के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित किया है। इसके अलावा, सोंगवोन के संबंधित आयातक को हुए नुकसान के लिए समायोजन किया गया है। पक्षकारों ने समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, हैंडलिंग और परिवहन शुल्क, वित्त/ बैंक शुल्क और ऋण लागत के लिए समायोजन का दावा किया है। दावा किए गए समायोजन को प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन के बाद अनुमति दी गई है। निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है।

जापान में अन्य उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

48. जापान के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

इ.8. पाटन मार्जिन

49. जैसा कि ऊपर दिया गया है, निर्मित सामान्य मूल्य और निर्धारित निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन इस प्रकार है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र सं	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य (यूएस डॉलर/ मी. टन)	निर्यात कीमत (यूएस डॉलर/ मी. टन)	पाटन मार्जिन (यूएस डॉलर/ मी. टन)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
क	चीन जन गण					
1	झेजियाग होदगशेंग कैमिकल कं. लि.	***	***	***	***%	25-35
2	अन्य	***	***	***	***%	35-45
ख	जापान					
3	सुमिटोमो कैमिकल कं. लि.	***	***	***	***%	30-40
4	अन्य	***	***	***	***%	50-60

च. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

च.1. अन्य हितबद्ध पक्षों के विचार

50. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

i. क्षति विश्लेषण के लिए 2020-21 को आधार वर्ष मानना गलत है क्योंकि इस अवधि के दौरान आईएनडीएसपीईसी के रेसोर्सिनॉल संयंत्र के बंद होने और कोविड-19 के प्रभाव के कारण कीमतें असामान्य रूप से बहुत अधिक थीं।

ii. वर्तमान मामले में संचयी आकलन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि चीन से आयात 2022-23 तक बढ़ गया है, जबकि जापान से आयात में कमी आई है। इसके अलावा, जापान से आयात मूल्य चीन से आयात मूल्य से अधिक है।

iii. पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के बाद जापान से आयात में कमी आई है, जो मात्रा क्षति के अभाव को दर्शाता है।

iv. भारत में आयात की मात्रा में कमी आई है जबकि मांग में वृद्धि हुई है।

v. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में हानि, यदि कोई हो, चीन से बढ़े हुए आयातों के कारण हुई है।

vi. आवेदक ने क्षति अवधि के पहले तीन वर्षों के लिए मूल्य कटौती से संबंधित जानकारी प्रदान नहीं की है। ऐसे आंकड़ों के अभाव में, कारण विश्लेषण पूरा नहीं किया जा सकता है।

vii. घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई मूल्य कटौती 0-10% है, जो दर्शाता है कि घरेलू उद्योग के विक्रय मूल्य और आयातों के पहुँच मूल्य के बीच कोई महत्वपूर्ण मूल्य असमानता नहीं है।

viii. ब्लैक रोज़ की कीमतें घरेलू उद्योग की कीमतों से बहुत अधिक हैं।

ix. आवेदक ने बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए बाजार में अन्य आपूर्तिकर्ताओं को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर करते हुए अपनी कीमतों में आक्रामक रूप से कमी की है।

x. आवेदक आधार वर्ष से लगातार अपनी कीमतों में कमी कर रहा है, लेकिन बाजार हिस्सेदारी हासिल नहीं कर रहा है, जो दर्शाता है कि ग्राहक उच्च कीमतों पर आयात करने को तैयार हैं क्योंकि आवेदक एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है।

xi. जांच अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि अन्य उत्पादकों की लागत में बदलाव के अनुरूप नहीं है। लागत का 50-60% हिस्सा बनाने वाले कच्चे माल, बेंजीन की कीमत में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है।

xii. जापान से आने वाली संबद्ध वस्तुओं की कीमतें अतुल और चीन से आने वाली संबद्ध वस्तुओं, दोनों की कीमतों की तुलना में स्थिर रहीं। घरेलू उद्योग

और चीनी निर्यातकों द्वारा बनाए गए मूल्य दबाव के कारण, एससीसी को जाँच अवधि के दौरान अपनी कीमतें कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

xiii. आवेदक माँग में गिरावट के बावजूद अपनी बिक्री बढ़ाने में सक्षम रहा।

xiv. अतुल अपने डाउनस्ट्रीम उत्पादों के उत्पादन और निर्यात पर अधिक केंद्रित रहा है और भारतीय बाजार की आवश्यकताएँ पूरी नहीं करता है। यहाँ तक कि जब पाटनरोधी शुल्क लागू थे, तब भी अतुल की बाजार हिस्सेदारी 10-20% के दायरे में रही।

xv. घरेलू उद्योग ने उत्पादन और क्षमता उपयोग सहित प्रमुख आर्थिक संकेतकों में सुधार दिखाया है, जिससे भौतिक क्षति के दावे कमज़ोर हुए हैं। आयात में गिरावट आई जबकि घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई, जो आयात और घाटे के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं दर्शाता है।

xvi. घरेलू उद्योग के भंडार में वृद्धि हुई है क्योंकि उसने माँग में गिरावट के बावजूद अपने उत्पादन में वृद्धि जारी रखी है।

xvii. कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है, जबकि वेतन और मजदूरी में वृद्धि हुई है। प्राधिकारी इसकी जाँच कर सकते हैं।

xviii. शुद्ध अचल संपत्तियों में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग के नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में कमी आई है।

xix. नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई है, जबकि स्थापित क्षमता अपरिवर्तित रही है। मूल्यह्रास और शुद्ध अचल संपत्तियों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इससे आंकड़ों की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठते हैं।

xx. लाभप्रदता में कमी आवेदक की आक्रामक व्यापार विकृत मूल्य निर्धारण रणनीति के कारण है।

xxi. प्राधिकारी को निजी उपयोग में लाई जाने वाली संबद्ध वस्तुओं की मात्रा, उसका मूल्यांकन, बाजार में संबद्ध वस्तुओं को बेचने या निजी उपयोग में लाने के निर्णय और डाउनस्ट्रीम उत्पादों की लाभप्रदता का सत्यापन करना चाहिए।

xxii. घरेलू उद्योग की लागत प्रवृत्तियाँ वैश्विक पैटर्न से अलग हैं, जहाँ कच्चे माल की घटती कीमतें बढ़ती उत्पादन लागत के विपरीत हैं। बेहतर आर्थिक संकेतक, बैच उत्पादन की अक्षमताएँ और पुरानी तकनीक घाटे की व्याख्या

करती हैं। घरेलू उद्योग ने अपनी वार्षिक आम बैठक में भी इसे स्वीकार किया था।

xxiii. आवेदक को अकुशल उत्पादन प्रक्रिया के कारण क्षति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सल्फोनेशन प्रक्रिया अत्यधिक पूंजी और श्रम-गहन प्रक्रिया है, इसमें उच्च निवेश लागत की आवश्यकता होती है, इसके उप-उत्पादों के माध्यम से कम लागत वाली वसूली होती है, उच्च उपयोगिता लागत और कम उपज होती है। इसकी तुलना में, एससीसी हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया का उपयोग करता है।

xxiv. अप्रचलित प्रौद्योगिकी के उपयोग को घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषता नहीं माना जा सकता क्योंकि इसके पास अपनी उत्पादन प्रक्रिया में सुधार करने का विकल्प है। चूंकि प्रौद्योगिकी का विकास एक प्रासंगिक कारक है, इसलिए यह विचार किया जाना चाहिए कि अप्रचलित प्रौद्योगिकी के उपयोग से घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है।

xxv. घरेलू उद्योग को क्षति कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत, बाजार की मांग में बदलाव या संचालन लागत में अकुशलता और इन्वेंट्री प्रबंधन में समस्याओं जैसे कारकों के कारण हो सकती है।

x xxvi. लाभ में गिरावट मूल्यह्रास में वृद्धि के कारण बिक्री लागत में वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने आयात की कम मात्रा के बावजूद अपनी बिक्री कीमत कम कर दी।

xxvii. मांग में गिरावट के कारण हुई क्षति को आयात के कारण नहीं माना जाना चाहिए। मांग में गिरावट का कारण भी नहीं बताया गया है।

xxviii. आवेदक ने परिचालन स्थिरता को गलत तरीके से प्रस्तुत किया, क्योंकि उसकी वार्षिक रिपोर्ट 2020 में एक महीने के बंद की पुष्टि करती है।

xxix. प्राधिकारी भौगोलिक स्थिति, कच्चे माल की सोर्सिंग में चुनौतियों, घरेलू उद्योग को नुकसान पहुँचाने वाले उच्च उधार लागत जैसे अन्य कारकों का विश्लेषण कर सकते हैं।

xxx. रूस-यूक्रेन संकट जैसे कारक, जिनके कारण वैश्विक मांग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और कच्चे माल और अप्रत्यक्ष सामग्री की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, ने घरेलू उद्योग को नुकसान पहुँचाया हो सकता है।

xxxi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति, 2017 में इंडस्पेक, यूएसए के बंद होने, जिसके कारण उत्पाद की कमी हुई और कीमत में वृद्धि हुई तथा 2018-2021 के बीच एंटी-डंपिंग शुल्क लगाए जाने जैसे घटनाक्रमों के बाद बाजार के सामान्य होने के कारण हुई है। कोविड के बाद, आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई जिससे कीमत सामान्य हो गई।

xxxii. वैश्विक स्तर पर कीमतें कम हुई हैं जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग चीन में पिरेली टायर कंपनी लिमिटेड को निर्यात करता है। इन निर्यातों की कीमतें 2021 से कम हो रही हैं और जांच अवधि के दौरान 4.99 डॉलर प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं।

xxxiii. दावा किया गया उच्च क्षति मार्जिन घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई उच्च लागत और गैर-हानिकारक मूल्य के कारण है।

xxxiv. गैर-हानिकारक मूल्य को अन्य उत्पादन प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न उप-उत्पाद के मूल्य के बराबर उत्पन्न उप-उत्पाद की लागत के संबंध में समायोजित किया जाना चाहिए। हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया की लागत को दर्शाने के लिए उपयोगिताओं की लागत में 8-10% की कमी की जानी चाहिए।

xxxv. नियोजित पूँजी पर 22% का प्रतिफल नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा प्रतिफल नियोजित पूँजी के ऋण भाग पर भी दिया जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक मंदी के दौर में ऐसा प्रतिफल बहुत अधिक है। नियोजित पूँजी पर 22% का प्रतिफल, ऋण इक्विटी अनुपात के आधार पर, निवल संपत्ति पर 27.15% से 41.41% तक का प्रभावी लाभ दर्शाता है।

xxxvi. क्षति-रहित मूल्य के निर्धारण के लिए 22% नियोजित पूँजी पर प्रतिफल पर विचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उद्योग में औसत प्रतिफल 10% से अधिक नहीं है। क्षति को दूर करने वाले मूल्य के निर्धारण के लिए यूरोपीय संघ उस लाभ मार्जिन पर विचार करता है जिस पर प्रतिस्पर्धा की सामान्य परिस्थितियों में और पाटन की अनुपस्थिति में उचित रूप से भरोसा किया जा सकता है।

xxxvii. औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1987, 22% प्रतिफल पर विचार करने का आधार बनता है। हालाँकि, ऐसा आदेश भी मानता है कि निवल संपत्ति पर 14% का प्रतिफल दिया जा सकता है, या नियोजित पूँजी पर 22% का प्रतिफल दिया जा सकता है।

xxxviii. अतीत में जब ब्याज दर 18% और कॉर्पोरेट कर की दर 40%-50% थी, तब 22% का रिटर्न उचित था। हालाँकि, अब जब ब्याज दर घटकर 10% और कॉर्पोरेट कर की दर 25% हो गई है, तो ऐसा रिटर्न अनुचित है।

xxxix. ब्रिजस्टोन टायर निर्माण के मामले में, सी ई एस टी ए टी ने पाया कि नियोजित पूंजी पर 22% का रिटर्न अपनाना उचित नहीं है क्योंकि इससे क्षति मार्जिन बढ़ जाता है। ह्यूस्टन कॉर्पोरेशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकरण के मामले में भी CESTAT ने इसी तरह का विचार व्यक्त किया था।

च.2. घरेलू उद्योग के विचार

51. क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के प्रस्तुतियों के विपरीत, संचयी मूल्यांकन हेतु सभी शर्तें पूरी हो गई हैं। अतः, प्राधिकारी क्षति का संचयी मूल्यांकन कर सकते हैं।

ii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, संबद्ध देशों के बीच आयातों की आवाजाही, मात्रा में परस्पर परिवर्तन प्रासंगिक नहीं हैं और मात्रा पर प्रभाव या क्षति की कमी नहीं दर्शाते हैं। अन्य किसी भी हितबद्ध पक्ष ने यह नहीं दर्शाया है कि संचयी मूल्यांकन की कोई आवश्यकता नहीं है।

iii. देश में मांग-आपूर्ति का अंतर है। जब तक आयात मांग-आपूर्ति के अंतर को पूरा कर रहे थे, तब तक घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही थी। हालाँकि, कम कीमतों पर आयात में वृद्धि हुई है जिससे घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा छिन गया है।

iv. जाँच अवधि के बाद आयात की मात्रा में और वृद्धि हुई है और इसने घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा छीन लिया है।

v. संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

vi. जांच अवधि के बाद कीमत कटौती में वृद्धि हुई है।

vii. कीमत कटौती विश्लेषण केवल जांच अवधि के लिए प्रासंगिक है, क्षति अवधि के लिए नहीं।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, कीमत कटौती अधिक नहीं है क्योंकि रेसोर्सिनॉल एक कमोडिटी उत्पाद है और घरेलू उद्योग आयात की कीमतों से मेल खाने के लिए बाध्य है।

ix. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत में काफी गिरावट आई है। पहुँच कीमत में गिरावट कच्चे माल की लागत में परिवर्तन के अनुरूप नहीं है।

x. भारत में पहुँच कीमत में वैश्विक स्तर पर निर्यात कीमत में गिरावट से अधिक गिरावट आई है।

xi. घरेलू उद्योग की परिवर्तनीय लागत और संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत के बीच अंतर में कमी आई है।

xii. घरेलू उद्योग को ब्लैक रोज की कीमतों या लागत संरचना या कीमतों की जानकारी नहीं है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, केवल निर्यातक की कीमत ही प्रासंगिक है, असंबंधित भारतीय व्यापारी की नहीं। ऐसा इस तथ्य के कारण है कि भारतीय उद्योग निर्यातक की कीमतों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है क्योंकि पाटन के अभाव में आयातक को किसी अन्य स्रोत से खरीद करने से कोई नहीं रोकता। संबंधित आयातक के मामले में भी, प्राधिकारी क्षति विश्लेषण के लिए पुनर्विक्रय मूल्य पर विचार नहीं करते हैं।

xiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, आवेदक की क्षमता भारतीय मांग से कम है और इसलिए, उसके पास कीमतें कम करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है।

xiv. सकारात्मक कीमत कटौती दर्शाती है कि कीमतें निर्यातकों द्वारा कम की गई थीं, न कि घरेलू उद्योग द्वारा।

xv. संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास कर दिया है और उनका न्यूनीकरण कर दिया है।

xvi. क्षति अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत में वृद्धि हुई है, जैसा कि कच्चे माल के आयात कीमत से स्पष्ट है।

xvii. घरेलू उद्योग को अपने संयंत्र को चालू रखने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यदि घरेलू उद्योग ने कीमतें कम नहीं की होतीं, तो उसे घरेलू बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के मामले में नुकसान उठाना पड़ता।

xviii. घरेलू उद्योग ने अपशिष्ट उपचार संयंत्र में निवेश करके अपनी लागत कम की है, जिसके परिणामस्वरूप रूपांतरण लागत में कमी आई है। यद्यपि रूपांतरण लागत में कमी आई है, घरेलू उद्योग को इस गिरावट से कोई लाभ नहीं हुआ है क्योंकि उसे बिक्री कीमत में इस गिरावट से भी अधिक कमी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

xix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, एससीसी अपने घरेलू बाजार में भारी मुनाफा कमा रही है और इसलिए, भले ही वह निर्यात बाजार में घाटे में बेच रही हो, उसकी व्यवहार्यता अच्छी है। इस प्रकार, एससीसी ने भारत में कीमत कम कर दी है।

xx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, शुल्क का मानक रूप अप्रभावी था क्योंकि मानक घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम था। पाटनरोधी शुल्क की अवधि के दौरान पाटन न होने के कारण घरेलू उद्योग अपने आर्थिक मापदंडों में सुधार करने में सक्षम रहा है।

xxi. घरेलू उद्योग केवल संबद्ध वस्तुओं को घाटे में बेचने के कारण ही अपनी बिक्री बढ़ाने में सक्षम रहा।

xxii. जांच अवधि के बाद घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

xxiii. 50% से अधिक बाजार हिस्सेदारी को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग द्वारा धारित बाजार हिस्सेदारी बहुत कम है।

xxiv. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और घरेलू उद्योग की भंडार धारण अवधि में वृद्धि हुई है।

xxv. मांग-आपूर्ति के अंतर के बावजूद भंडार में वृद्धि अपने आप में घरेलू उद्योग के लिए क्षति को स्थापित करती है। यदि भारत में कोई पाटन नहीं होता, तो घरेलू उद्योग अपने पूरे स्टॉक को समाप्त करने में सक्षम होता।

xxvi. जांच अवधि में घरेलू उद्योग को घाटा हुआ है। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान नियोजित पूंजी पर नकारात्मक प्रतिफल दर्ज किया है।

xxvii. घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति मुनाफे, नकद मुनाफे, निवेश पर प्रतिफल और वृद्धि में गिरावट से स्पष्ट है।

xxviii. जाँच अवधि के बाद घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में और गिरावट आई है।

xxix. घरेलू उद्योग को ब्याज का प्रावधान करने से पहले ही घाटा हो गया है। इस प्रकार, इसने अपने ब्याज दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कमाई भी नहीं की है।

xxx. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, घरेलू उद्योग द्वारा कोई आक्रामक व्यापार विकृत मूल्य निर्धारण नहीं किया जा रहा है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर केवल तीन उत्पादक हैं और भारत में माँग घरेलू उद्योग की क्षमता से अधिक है।

xxxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, यदि निवेश पर प्रतिफल का निर्धारण आधार वर्ष के एनएफए को ध्यान में रखकर किया जाता है, तो भी क्षति अवधि के दौरान इसमें उल्लेखनीय गिरावट देखी जाएगी।

xxxii. वर्तमान स्थिति किसी भी नए निवेश के लिए अनुकूल नहीं है। घरेलू उद्योग अपने संयंत्र के पूर्ण मूल्यह्रास के कारण ही अपना अस्तित्व बचा पाया है। नए निवेश की स्थिति में, उत्पादक निवेश पर कोई प्रतिफल अर्जित नहीं कर पाएगा।

xxxiii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, क्षति का दावा आवेदक के वास्तविक अभिलेखों पर आधारित है। निर्यातकों ने अपने आंकड़ों के आधार

पर यह स्थापित नहीं किया है कि निर्यात कीमत में गिरावट लागत और उसके घरेलू बिक्री कीमत में गिरावट के कारण है।

xxxiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग का पीबीडीआईटी, जिसमें मूल्यह्रास शामिल नहीं है, भी कम हुआ है। इस प्रकार, क्षति मूल्यह्रास में वृद्धि के कारण नहीं है। किसी भी स्थिति में, मूल्यह्रास घरेलू उद्योग का एक वास्तविक व्यय है और इसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

xxxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, घरेलू उद्योग को हुई क्षति मांग में गिरावट के कारण नहीं है क्योंकि भारत में मांग आवेदक की क्षमताओं से कहीं अधिक है।

xxxvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषताओं की पहचान की है। चूंकि क्षति अवधि के दौरान ऐसे कारकों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और आवेदक अतीत में लाभदायक था, इसलिए क्षति ऐसे कारकों के कारण नहीं है।

xxxvii. यह दावा कि घरेलू उद्योग द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक अप्रचलित है, केवल एक बयान है क्योंकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसी तकनीक को अप्रचलित बनाने वाला एक भी कारक प्रदान नहीं किया है।

xxxviii. एससीसी और आवेदक की तकनीक में अंतर अप्रासंगिक है क्योंकि अन्य हितबद्ध पक्ष भारत में पाटन कर रहे हैं, चाहे उनकी तकनीक कुछ भी हो।

xxxix. जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षति के कारण के रूप में 2020 में शटडाउन की ओर इशारा किया है, जो कोविड-19 के कारण था, क्षति का दावा जांच की अवधि में किया गया है, न कि 2020 में।

xl. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, रूस-यूक्रेन संकट का घरेलू उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके अतिरिक्त, सामान्य कारोबारी परिदृश्य में कच्चे माल की लागत में वृद्धि से संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होनी चाहिए। कीमतों में गिरावट भारत में पाटन के कारण है।

xli. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, घरेलू उद्योग को हुई क्षति की पुष्टि जांच अवधि की तुलना किसी भी पिछले वर्ष से करने पर होती है, न कि केवल आधार वर्ष से।

xlii. इस अनुरोध के विपरीत कि कीमतों में कमी बाजारों के सामान्य होने के कारण हुई है, संबद्ध देश के उत्पादक भारत में उत्पाद की पाटन कर रहे हैं, जिसके कारण भारत में कीमतें कम हो गई हैं।

xliii. आवेदक चीन में उचित मूल्य प्राप्त करने में सक्षम रहा है क्योंकि चीन सरकार ने घरेलू बाजार में उचित मूल्य बनाए रखा है और जापान से चीन में आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है।

xliv. क्षतिरहित कीमत अनुबंध III के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए। अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, अनुलग्नक III में प्राधिकारी से केवल आवेदक के वित्तीय आंकड़ों पर विचार करने की अपेक्षा की गई है।

xlv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने नियोजित पूंजी पर प्रतिफल से संबंधित निवेदनों के लिए कृत्रिम ऋण इक्विटी अनुपात पर विचार किया है। वास्तविक अनुपात काफी भिन्न हो सकते हैं।

xlvi. औषधि नियंत्रण आदेश, 1987 का संदर्भ उचित नहीं है क्योंकि यह उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि की अनुमति देता है। हालाँकि, प्राधिकारी कृत्रिम रूप से दबाई गई लागत पर विचार करता है और इसलिए, क्षतिरहित कीमत घरेलू उद्योग की पूरी लागत की वसूली की भी अनुमति नहीं दे सकता है।

xlvii. क्षति रहित कीमत के निर्धारण के लिए नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिफल पर विचार करने के संबंध में सेस्टेट द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। ब्रिजस्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग मामले में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने साक्ष्य प्रस्तुत किए थे कि वैश्विक प्रतिफल कम थे। इस निर्णय के बाद, सेस्टेट ने कई निर्णयों में 22% प्रतिफल को उचित ठहराया है।

xlvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, यूरोपीय संघ और भारतीय प्राधिकारी द्वारा उचित बिक्री कीमत के निर्धारण में अंतर है। यूरोपीय संघ कच्चे माल, उपयोगिताओं और क्षमताओं के अनुकूलन और घरेलू उद्योग

द्वारा किए गए सभी खर्चों के समायोजन के बिना कुल उत्पादन लागत के आधार पर उचित बिक्री कीमत निर्धारित करता है। इसलिए, यूरोपीय संघ द्वारा विचारित उचित बिक्री कीमत, लागत की पूरी वसूली के साथ-साथ कुछ लाभ भी प्रदान करता है।

च.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

52. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतिवादों की जाँच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे दिया गया विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अनुरोधों पर आधारित है।

53. इस अनुरोध के संबंध में कि 2020-21 को आधार वर्ष नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि इस अवधि के दौरान कीमतें असामान्य रूप से अधिक थीं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 की तुलना की गई है। घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में गिरावट देखी गई है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को हुई क्षति केवल आधार वर्ष की तुलना पर आधारित नहीं है।

54. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि यद्यपि संबद्ध आयातों का पहुँच मूल्य 2020-21, 2021-22 और 2022-23 सहित क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से अधिक रहा है, तथापि जाँच अवधि में यह घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से एक बिंदु तक कम हो गया है। उक्त पहुँच मूल्य को अमेरिकी उत्पादक के बंद होने के बाद बाजार के सामान्य होने के कारण नहीं माना जा सकता है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों में उत्पादकों द्वारा दायर उत्तरों के अनुसार, उक्त उत्पादक भारत में विचाराधीन उत्पाद की पाटन कर रहे हैं। इस प्रकार, किसी भी स्थिति में, ऐसी कीमतों को भारतीय बाजार में उचित नहीं माना जा सकता है।

55. इस अनुरोध के संबंध में कि कोविड-19 के बाद आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में वृद्धि के कारण जाँच अवधि में कीमतें सामान्य हो गईं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक सहित संबद्ध वस्तुओं के केवल तीन उत्पादक हैं। तीनों उत्पादक लंबे समय से परिचालन में हैं और कोविड-19 के बाद किसी भी नए उत्पादक ने संबद्ध वस्तुओं का

उत्पादन शुरू नहीं किया है। इस प्रकार, यह अनुरोध कि आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में वृद्धि के कारण कीमतों में गिरावट आई, गलत है।

56. इस अनुरोध के संबंध में कि क्षति विश्लेषण के लिए ब्लैक रोज़ की कीमतों पर विचार किया जाना चाहिए, न कि निर्यातक की कीमतों पर, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण करने के लिए, प्राधिकारी भारत में आयात मूल्य और उस मूल्य पर विचार करते हैं जिस पर घरेलू उद्योग आयातकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि ब्लैक रोज़ जापान में उत्पादक के लिए एक अनन्य व्यापारी है, जबकि घरेलू उद्योग वास्तव में जापान के उत्पादक और निर्यातकों के आयात मूल्य के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि पाटन के अभाव में, भारत में आयातक घरेलू उद्योग से स्रोत प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र थे।

57. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह है क्योंकि स्थापित क्षमता अपरिवर्तित रही है जबकि नियोजित पूंजी, शुद्ध अचल संपत्तियां और मूल्यह्रास में वृद्धि हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का सत्यापन किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के सत्यापित आंकड़ों पर भरोसा किया है।

58. भारत में मांग-आपूर्ति अंतर होने संबंधी निवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि मांग-आपूर्ति अंतर भारत में पाटन का औचित्य नहीं है। वर्तमान जाँच भारत में संबद्ध वस्तुओं की पाटन के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर शुरू की गई थी। यद्यपि मांग-आपूर्ति अंतर है, पाटन एक अनुचित व्यापार व्यवहार है जिसके कारण भारत में एकमात्र उत्पादक को वास्तविक क्षति हो रही है। विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तर से पता चलता है कि पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

59. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के डाउनस्ट्रीम उत्पाद की लाभप्रदता का सत्यापन करना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं की पाटन और ऐसी पाटन के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में शुरू की गई है। चूँकि प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के संबंध में पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जाँच की है, इसलिए डाउनस्ट्रीम

उत्पाद की लाभप्रदता की जाँच करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैंकि रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो यह दर्शाए कि आवेदक को उस समय डाउनस्ट्रीम उत्पाद से लाभ हुआ जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें अधिक थीं।

च.3.1. क्षति का संचयी मूल्यांकन

60. विश्व व्यापार संगठन समझौते के अनुच्छेद 3.3 और नियमों के अनुबंध II के पैरा (iii) में प्रावधान है कि यदि किसी उत्पाद का एक से अधिक देशों से आयात एक साथ पाटनरोधी जाँच के अधीन है, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन करेगा, यदि वह यह निर्धारित करता है कि:

क. प्रत्येक देश से आयात के संबंध में स्थापित पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात का तीन प्रतिशत (या अधिक) है या जहाँ अलग-अलग देशों का निर्यात तीन प्रतिशत से कम है, वहाँ आयात सामूहिक रूप से समान वस्तु के सात प्रतिशत से अधिक है, और

ख. आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के आलोक में आयात के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन उचित है।

61. वर्तमान मामले में, प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों से आयात और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद में परस्पर तुलनीय गुण हैं और इनका उपयोग समान अनुप्रयोगों के लिए और समान ग्राहक वर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार, संबद्ध आयात भारतीय बाजार में परस्पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित संबद्ध वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

62. इस अनुरोध के संबंध में कि एक संबद्ध देश से आयात मूल्य दूसरे संबद्ध देश की तुलना में अधिक था और एक देश से आयात में वृद्धि हुई है जबकि दूसरे से आयात में कमी आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों के संचयी मूल्यांकन के लिए इसका आकलन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी

जाँचों में, जहाँ एक से अधिक देशों से आयात का एक साथ आकलन किया जा रहा है, एक देश से आयात मूल्य हमेशा दूसरे देश से अधिक होगा।

63. इस प्रकार, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि निम्नलिखित कारणों से वर्तमान जाँच में क्षति का संचयी मूल्यांकन करना उचित होगा।

क. संबद्ध वस्तुओं का संबद्ध देशों से भारत में पाटन किया जा रहा है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन मार्जिन नियमों के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

ग. प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा कुल आयात मात्रा के 3% से अधिक है।

घ. आयात के प्रभावों का संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है क्योंकि संबद्ध देशों से आयात न केवल प्रत्येक संबद्ध देश से आयात के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तुओं के साथ भी प्रतिस्पर्धा करते हैं।

च.3.2. पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव

क) मांग/प्रत्यक्ष खपत का आकलन

64. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार मूल्यांकित मांग नीचे दी गई तालिका में दी गई है।

विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
खपत रहित					
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	118	110	151
संबद्ध देशों से आयात	मी.ट.	4,199	4,951	5,013	4,211

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	11	3	21	-
कुल मांग	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	118	118	107
खपत सहित					
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	109	115	140
संबद्ध देशों से आयात	मी.ट.	4,199	4,951	5,013	4,211
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	11	3	21	-
कुल मांग	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	115	118	111

65. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग, जिसमें कैप्टिव खपत के साथ-साथ कैप्टिव खपत को छोड़कर, वर्ष 2022-23 तक वर्ष-दर-वर्ष बढ़ी है। जाँच अवधि में मांग में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई है। तथापि, आधार वर्ष की मांग की तुलना में जाँच अवधि में कैप्टिव खपत सहित और उसे छोड़कर मांग उच्च बनी रही है।

ख) <u>संबद्ध देशों से आयात मात्रा</u>

66. आयात की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या आयात में, चाहे निरपेक्ष रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात मात्राएँ निम्नानुसार थीं:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संबद्ध देशों से आयात	मी.ट.	4,199	4,951	5,013	4,211
चीन जन. गण. से आयात	मी.ट.	1,809	2,453	2,443	1,709

जापान से आयात	मी.ट.	2,390	2,498	2,571	2,502
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	11	3	21	-
कुल आयात	मी.ट.	4,210	4,954	5,034	4,211
संबद्ध आयात के संबंध में					
घरेलू उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	107	82
खपत/मांग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	101	94
कुल आयात	%	99.7%	99.9%	99.6%	100%

67. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. आधार वर्ष की तुलना में 2021-22 और 2022-23 में संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में वृद्धि हुई, लेकिन उसके बाद जांच अवधि में इसमें गिरावट आई। आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में संबद्ध आयात की मात्रा अधिक रही है।

ii. क्षति अवधि के दौरान उत्पादन और खपत से संबंधित आयात में भी गिरावट आई है।

iii. जांच अवधि के दौरान भारत में हुए आयातों का संपूर्ण हिस्सा संबद्ध देशों से आयात है।

68. इस अनुरोध के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के बाद जापान से आयात में गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान जापान से आयात में वृद्धि हुई है। किसी भी स्थिति में, चूंकि वर्तमान जांच में संचयी मूल्यांकन की सभी शर्तें पूरी हो गई हैं, इसलिए अलग-अलग संबद्ध देशों से आयात की प्रवृत्ति की जांच करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

च.3.3. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

69. संबद्ध देशों से आयातों के मूल्य प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण किया जाना आवश्यक है कि क्या कथित आयातों के कारण भारत में समान वस्तु की कीमत की

तुलना में मूल्य में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में कमी लाने या मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा सामान्यतः होती। संबद्ध देशों से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच मूल्य में कमी, कीमत ह्रास और मूल्य ह्रास, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

क) कीमत में कमी

70. कीमत में कमी विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुँच मूल्य से की गई है। इस संबंध में, समान व्यापार स्तर पर, उत्पाद के पहुँच मूल्य और घरेलू उद्योग के औसत बिक्री कीमत, सभी छूटों और करों को घटाकर, के बीच तुलना की गई है।

विवरण	**इकाई**	**चीन जन.गण.**	**जापान**	**संबद्ध देश**
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	4,70,672	4,46,947	4,56,574
कीमत कटौती	₹/मी.ट.	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज	0-10%	0-10%	0-10%

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम हैं। सभी संबद्ध देशों से कीमतों में कटौती सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

72. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों को महत्वपूर्ण सीमा तक कम कर रहे हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को महत्वपूर्ण सीमा तक कम करना है या कीमतों में वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य रूप से होती, प्राधिकारी ने इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागतों और कीमतों में हुए परिवर्तनों की जाँच की है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	130	147	122
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	87	78	57
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	7,26,622	6,55,797	6,39,486	4,56,574
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	90	88	63

73. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री कीमत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। क्षति अवधि के दौरान पहुँच मूल्य में भी गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, जाँच अवधि के दौरान बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई है, जबकि बिक्री कीमत में बिक्री लागत में गिरावट से अधिक गिरावट आई है। इस प्रकार, संबद्ध आयातों की पहुँच मूल्य ने घरेलू उद्योग की कीमतों को दबा दिया है और उन्हें कम कर दिया है।

74. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने कीमतें कम कर दी हैं जिससे निर्यातकों को कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में माँग घरेलू उद्योग की क्षमता से अधिक है। ऐसी स्थिति में, घरेलू उद्योग के लिए कीमतें कम करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है। किसी भी स्थिति में, संबद्ध आयातों की पहुँच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है, जिससे घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री लागत से म कीमतों पर बिक्री करने और वित्तीय घाटा उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

75. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि को छोड़कर, क्षति अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत में वृद्धि हुई है। तथापि, घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत के साथ-साथ संबद्ध आयातों के पहुँच कीमत में भी गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कच्चे माल की लागत और संबद्ध आयातों के पहुँच मूल्य के बीच के अंतर में भी कमी आई है।

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
पहुंच कीमत	₹/मी.ट.	7,26,622	6,55,797	6,39,486	4,56,574
कच्ची सामग्री लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	141	125	69
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
कच्ची सामग्री की लागत और पहुंच कीमत के बीच अंतर	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	66	57	41

च.3.4 <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड</u>

76. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा ।

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

77. क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का प्रदर्शन निम्नानुसार रहा:

विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
स्थापित क्षमता	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
उत्पादन	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	112	122
विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	112	122
घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	118	110	151
निर्यात बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	133	73	86
आबद्ध खपत	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	102	120	132

78. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान स्थिर रही है।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

ग. घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री 2021-22 में पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ी और उसके बाद घट गई। क्षति अवधि के दौरान निर्यात बिक्री में गिरावट आई है।

घ. घरेलू उद्योग की कैप्टिव खपत में क्षति अवधि के दौरान वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई है।

79. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में उत्पादन में ***% की वृद्धि के बावजूद, घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में ***% की वृद्धि हुई है। यह हितबद्ध पक्षकारों के इस कथन के विपरीत है कि घरेलू उद्योग एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मांग में आवेदक की कैप्टिव खपत और व्यापारिक मांग दोनों शामिल हैं। यदि आवेदक संबद्ध वस्तुओं की कैप्टिव खपत बंद कर देता है, तो उसे भारत में संबद्ध वस्तुओं का आयात करना होगा। ऐसे मामले में, आवेदक की कैप्टिव खपत वर्तमान जाँच के गुण-दोष में कोई परिवर्तन नहीं करती है।

80. यह भी देखा गया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कैप्टिव खपत में ***% की वृद्धि हुई, तथापि, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में ***% की वृद्धि हुई।

81. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कम कीमत वाले आयातों में वृद्धि के कारण, जाँच अवधि के बाद घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

ख) माँग में बाजार हिस्सा

82. आयातों और घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	93	141
संबद्ध आयात	%	86%	86%	87%	80%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	101	94
अन्य आयात	%	0.2%	0.1%	0.4%	0.0%

प्रवृति	सूचीबद्ध	100	50	200	0

83. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी 2022-23 में थोड़ी कम हुई और उसके बाद जाँच अवधि में वृद्धि हुई। आवेदक ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है क्योंकि भारत में कम कीमत वाले आयातों की मौजूदगी के कारण घरेलू उद्योग ने घाटे में बिक्री की है। इसके कारण, जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है और संबद्ध आयातों की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

84. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है क्योंकि उसने कीमतें कम करने के बावजूद बाजार हिस्सेदारी हासिल नहीं की है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है क्योंकि इससे उसकी लाभप्रदता पर काफी समझौता हुआ है।

ग) मालसूची

85. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
प्रारंभिक मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
औसत मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	160	313	249

86. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि भारत में पर्याप्त माँग है, फिर भी घरेलू उद्योग को भंडार के संचय के कारण नुकसान हुआ है।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और विनियोजित पूँजी पर आय

87. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ और विनियोजित पूँजी पर प्रतिफल नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	**इकाई**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	130	147	122
बिक्री कीमत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	87	78	57
लाभ / (हानि)	₹/मी.ट.	***	***	***	(***)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	45	10	(6)
लाभ / (हानि)	₹ लाख	***	***	***	(***)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	53	11	(9)
नकद लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	57	17	0.89
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	(***)
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	42	7	(6)

88. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में पिछले वर्ष और आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में उल्लेखनीय गिरावट आई है। यद्यपि घरेलू उद्योग पिछले वर्षों के दौरान लाभ अर्जित कर रहा था, परंतु जांच अवधि के दौरान उसे वित्तीय घाटा हुआ है।

ii. नकद लाभ में भी यही प्रवृत्ति रही है और पूरी क्षति अवधि के दौरान इसमें साल-दर-साल गिरावट आई है। घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित नकद लाभ जांच अवधि के दौरान सबसे कम रहा।

iii. घरेलू उद्योग के नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में भी पूरी क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान नियोजित पूंजी पर ऋणात्मक प्रतिफल दर्ज किया है।

89. इस अनुरोध के संबंध में कि नियोजित पूंजी पर आय में केवल निवल अचल परिसंपत्तियों में वृद्धि के कारण गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को जांच अवधि के दौरान घाटा हुआ है। पिछली किसी भी अवधि के लिए निवल अचल परिसंपत्तियों को ध्यान में रखते हुए नियोजित पूंजी पर प्रतिफल ऋणात्मक है। इस प्रकार, नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में गिरावट निवल अचल परिसंपत्तियों में वृद्धि के कारण नहीं है।

90. इस तर्क के संबंध में कि मूल्यह्रास लागत में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का ईबीडीआईटीए, जिसमें मूल्यह्रास शामिल नहीं है, भी क्षति अवधि के दौरान कम हुआ है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट मूल्यह्रास लागत में वृद्धि के कारण नहीं है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि जाँच अवधि के बाद, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में और गिरावट आई है।

विवरण	**इकाई**	2020-21	2021-22	2022-23	**पीओआई**
ईबीडीआईटीए	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	48	15	1

ड.) रोज़गार, उत्पादकता और मजदूरी

91. प्राधिकारी ने रोज़गार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जाँच की है, जो नीचे दी गई है:

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	94	95	94
प्रति दिवस उत्पादकता	मी.ट./दिन	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	123	112	122
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट./सं.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	131	118	130
मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	103	108	120

92. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कर्मचारियों की संख्या में मामूली गिरावट आई है। घरेलू उद्योग की उत्पादकता के साथ-साथ वेतन और मजदूरी में भी वृद्धि हुई है।

च) वृद्धि

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
स्थापित क्षमता	%	-	-	-	-
उत्पादन	%	-	23	(9)	9
घरेलू बिक्री	%	-	18	(7)	38
प्रति इकाई लाभ / (हानि)	%	-	(55)	(78)	(162)
नकद लाभ	%	-	(52)	(68)	(96)
नियोजित पूंजी पर आय	%	-	(58)	(83)	(188)

93. प्राधिकारी नोट करते हैं:

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

ख. घरेलू उद्योग के मात्रा मापदंडों ने 2021-22 में सकारात्मक वृद्धि दर्शाई, लेकिन 2022-23 में इसमें गिरावट आई। मात्रा मापदंडों ने जाँच अवधि में सकारात्मक वृद्धि दर्शाई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि मात्रा मापदंडों ने सकारात्मक वृद्धि दर्शाई है क्योंकि घरेलू उद्योग ने अपनी लाभप्रदता से समझौता किया है।

ग. घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों ने पूरी क्षति अवधि के दौरान वर्ष-दर-वर्ष नकारात्मक वृद्धि दर्शाई है।

छ) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

94. चूँकि संबद्ध आयातों की कीमत घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत के साथ-साथ बिक्री लागत से भी कम है, इसलिए इसने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है। इसके अलावा, आयातों की कीमत घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से कम है। इसके कारण, घरेलू उद्योग अपनी बिक्री लागत में परिवर्तन के अनुरूप अपने उत्पाद की कीमत निर्धारित नहीं कर पाया है। इसलिए, संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

ज) पाटन की मात्रा

95. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन किया जा रहा है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

झ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

96. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग का नियोजित पूँजी पर प्रतिफल ऋणात्मक रहा। ऐसे में, घरेलू उद्योग की पूँजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि वर्तमान कीमतें किसी भी नए निवेश के लिए अनुकूल नहीं हैं।

ज) क्षति मार्जिन की मात्रा

97. प्राधिकारी ने संशोधित अनुबंध III के साथ पठित नियमों में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षति-रहित कीमत का निर्धारण किया है। जाँच अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आँकड़ों को अपनाकर संबद्ध वस्तुओं का क्षति-रहित कीमत निर्धारित किया गया है। क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देशों से प्राप्त मूल्य की तुलना हेतु क्षति-रहित मूल्य पर विचार किया गया है। क्षति-रहित कीमत निर्धारित करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्चे माल, उपयोगिताओं और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्यय नहीं लगाया गया है। नियमों के अनुबंध III में निर्धारित अनुसार, विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात, औसत निवल अचल संपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर कर-पूर्व लाभ के रूप में एक उचित प्रतिफल (22% की दर से कर-पूर्व) दिया गया है, जिससे क्षति-रहित मूल्य प्राप्त किया जा सके और उसका पालन किया जा रहा है।

98. सहकारी निर्यातकों के लिए प्राप्त मूल्य का निर्धारण निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर किया गया है। संबद्ध देशों के सभी गैर-सहकारी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्राप्त मूल्य का निर्धारण किया है।

99. इस तर्क के संबंध में कि नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिफल अनुचित है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राधिकारी की यह एक सतत प्रथा रही है कि वे घरेलू उद्योग की क्षति-रहित कीमत का निर्धारण नियोजित पूंजी पर उचित प्रतिफल के आधार पर करते हैं, जो 22% है, सिवाय तब जब रिकॉर्ड में इस बात के साक्ष्य हों कि 22% नहीं है और अधिक उपयुक्तता के लिए किसी अन्य पर विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान मामले में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि विचाराधीन उत्पाद के लिए 22% से कम का प्रतिफल उपयुक्त होगा। ब्रिजस्टोन मामले में माननीय सीईएसटीएटी की टिप्पणियाँ कम कीमत पर बिक्री का निर्धारण करने में 22% आरओसीई के उपयोग के संबंध में थीं, न कि क्षति-रहित कीमत (एनआईपी) की गणना में इसकी उपयुक्तता के संबंध में। इसके अतिरिक्त,

ब्रिजस्टोन का निर्णय, एडी नियमों के अनुबंध-III के लागू होने से पहले का है, जिससे अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा इस पर भरोसा करना अनुचित हो जाता है। बाद के मेरिनो पैनल प्रोडक्ट्स मामले में, सीईएसटीएटी ने नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिफल लागू करने की प्राधिकारी की प्रथा को बरकरार रखा।

100. इस अनुरोध के संबंध में कि क्षतिरहित कीमत को हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया की लागत को दर्शाने के लिए समायोजित किया जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षतिरहित कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमों के अनुबंध III के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। अनुबंध III के अनुसार, घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर विचार किया जाना है।

101. ऊपर निर्धारित पहुँच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है: -

क्र.सं.	**उत्पादक का नाम**	**एनआईपी**	**पहुंच कीमत**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**
		अम.डॉ./मी.ट.	अम.डॉ./मी.ट.	अम.डॉ./मी.ट.	%	रेंज (%)
क	चीन जन.गण.					
1	झेजियांग होंगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***%	15-25
2	अन्य	***	***	***	***%	30-40
ख	जापान					
3	सुमितोमो केमिकल्स कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***%	15-25
4	अन्य	***	***	***	***%	35-45

च.3.5. गैर-आरोपण विश्लेषण और कारणात्मक संबंध

102. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के क्षति, मात्रा और कीमत प्रभावों की मौजूदगी की जाँच करने के बाद, प्राधिकारी ने यह जाँच की है कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति, नियमों के अंतर्गत सूचीबद्ध पाटित आयातों के अलावा किसी अन्य कारक के कारण हो सकती है:

क. तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और मूल्य

103. यह नोट किया गया है कि जाँच अवधि के दौरान भारत में किए गए आयातों में संबद्ध आयात शामिल हैं। इसलिए, यह क्षति तीसरे देशों से आयातों के कारण नहीं है।

ख. माँग में संकुचन

104. क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की माँग में गिरावट आई है। हालाँकि, भारत में माँग घरेलू उद्योग की क्षमताओं से कहीं अधिक है। इसलिए, घरेलू उद्योग को हुई क्षति माँग में संकुचन के कारण नहीं है।

ग. खपत की पद्धति

105. विचाराधीन उत्पाद के उपभोग स्वरूप में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

घ. प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ

106. ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएँ या प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ नहीं हैं, जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

ड. प्रौद्योगिकी में विकास

107. संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन हेतु प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी।

108. इस अनुरोध के संबंध में कि क्षति घरेलू उद्योग की अकुशल उत्पादन प्रक्रिया के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा अपनाई गई उत्पादन प्रक्रिया में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। घरेलू उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया घरेलू उद्योग की एक अंतर्निहित विशेषता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग में निहित कारकों, जो इस अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहे हैं, के लिए गैर-आरोपण विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता नहीं है। घरेलू उद्योग को पिछले वर्ष कोई क्षति नहीं हुई है, भले ही वह जाँच अवधि के समान ही प्रौद्योगिकी और उत्पादन प्रक्रिया के साथ काम कर रहा था। इस प्रकार, क्षति घरेलू उद्योग की अंतर्निहित विशेषता के कारण नहीं है।

च. उत्पादकता

109. क्षति अवधि के दौरान कैप्टिव उपभोग हेतु उत्पादन सहित घरेलू उद्योग का कुल उत्पादन बढ़ा है। अतः, उत्पादकता में गिरावट के कारण क्षति नहीं हो सकती।

छ. घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

110. ऊपर जांच की गई क्षति संबंधी जानकारी केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। अतः, हुई क्षति को घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता।

ज. अन्य उत्पादों का निष्पादन

111. हुई क्षति को कंपनी के अन्य उत्पादों के निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि घरेलू उद्योग ने केवल समान वस्तु के संबंध में ही सूचना को पृथक किया है और प्रदान किया है।

झ. वैश्विक स्तर पर अन्य उत्पादकों का बंद होना और कोविड-19

112. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति कोविड-19 और कोविड-19 के बाद आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में वृद्धि के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कि वैश्विक स्तर पर संबद्ध वस्तुओं के केवल तीन उत्पादक हैं। इसके अतिरिक्त, भारत में मांग भारतीय उद्योग की क्षमता से अधिक है। इस प्रकार, न तो

आपूर्तिकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है और न ही बाजार में अधिक आपूर्ति है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

113. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि अमेरिका स्थित उत्पादक ने 2017 में अपना उत्पादन बंद कर दिया था। ऐसे उत्पादन बंद होने का कोई भी प्रभाव अतीत में प्रासंगिक रहा होगा। जाँच अवधि में घरेलू उद्योग पर ऐसे उत्पादन बंद होने के प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

ट. रूस-यूक्रेन संकट के कारण कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत

114. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि रूस-यूक्रेन संकट के कारण कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत के कारण क्षति हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि रूस-यूक्रेन संकट के कारण घरेलू उद्योग पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो। किसी भी स्थिति में, ऐसा प्रभाव वैश्विक स्तर पर सभी उत्पादकों पर लागू होता है, न कि केवल घरेलू उद्योग पर।

115. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि सामान्य व्यावसायिक परिदृश्य में, संबद्ध वस्तुओं के बिक्री कीमत में कच्चे माल की कीमत के अनुसार उतार-चढ़ाव होना चाहिए। वर्तमान मामले में ऐसा नहीं देखा गया है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री कीमत में गिरावट आई है। इस प्रकार, कच्चे माल की कीमत के कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

छ. भारतीय उद्योग का हित एवं अन्य मुद्दे

छ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

116. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदक का प्रभाव विश्लेषण केवल टायर उद्योग पर केंद्रित है, और रंग, दवा और कृषि रसायन जैसे अन्य प्रभावित क्षेत्रों की उपेक्षा करता है। रेसोर्सिनॉल की बढ़ी हुई लागत कई उद्योगों में कीमतों में वृद्धि करेगी, मुद्रास्फीति को बढ़ाएगी और प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करेगी।

ii. घरेलू उद्योग ने तत्काल डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं के बजाय टायर उद्योग पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की गलत गणना की है।

iii. घरेलू उद्योग ने एसआईओएन मानदंडों के आधार पर शुल्कों के प्रभाव की गणना की है, लेकिन केवल टायर में रेसोर्सिनॉल की खपत पर विचार किया है, जबकि रेजिन और कपड़े की खपत को अनदेखा किया है, जो क्रमशः रेसोर्सिनॉल का उपयोग करके और उसमें डुबोकर उत्पादित किए जाते हैं।

iv. शुल्क लगाने से संबंधित वस्तुओं की लागत में 10-15% की वृद्धि होगी और इसके परिणामस्वरूप डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं के लाभ में 90-100% की कमी आएगी।

v. शुल्क लगाने से अतुल को घरेलू बाजार पर अपना दबदबा बनाने का मौका मिल जाएगा, जिससे डाउनस्ट्रीम उत्पादों में प्रतिस्पर्धियों को नुकसान होगा। अतुल द्वारा कुछ खरीदारों को आपूर्ति करने से इनकार करना और निर्यात को प्राथमिकता देना, निरंतर आयात की आवश्यकता को और भी पुष्ट करता है।

vi. 2017 में आईएनडीएसपीईसी संयंत्र के बंद होने के साथ, दुनिया में केवल तीन रेसोर्सिनॉल निर्माता (चीन, जापान और भारत) बचे हैं, इसलिए, संबंधित आयातों द्वारा अन्य देशों से आयात को कम करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

vii. अतुल में घरेलू मांग को पूरा करने की क्षमता का अभाव है और यह एक स्थिर आपूर्ति श्रृंखला प्रदान नहीं करता है। इसके विपरीत, आयातक विश्वसनीयता प्रदान करते हैं, जिससे सुचारू औद्योगिक संचालन सुनिश्चित होता है। पाटनरोधी शुल्क से कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति में व्यवधान और भारतीय आपूर्तिकर्ताओं में विश्वास में कमी आएगी।

viii. 2017 में वैश्विक रेसोर्सिनॉल की कमी के दौरान, घरेलू उद्योग ने अपनी कीमतें बढ़ा दीं और उपयोगकर्ताओं को मात्रा में आपूर्ति करने से इनकार कर दिया। जापानी उत्पादक ने उक्त अवधि में भारतीय उपयोगकर्ताओं को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति की। पाटनरोधी शुल्क लगाने से उपयोगकर्ता उद्योग वैश्विक बाजार में अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा।

ix. पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद, आवेदक ने भारतीय मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। घरेलू उद्योग के लिए वास्तविक उपाय मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करना होगा। मौखिक सुनवाई के दौरान, जबकि आवेदक ने अनुरोध किया कि वह क्षमता विस्तार की योजना बना रहा है, कोई ठोस विवरण साझा नहीं किया गया है। क्षमता विस्तार के अभाव में, उपयोगकर्ताओं के हित में वर्तमान मामले को समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

x. आयातित रेसोर्सिनॉल की तुलना में भारतीय रेसोर्सिनॉल डाई संश्लेषण में अलग तरह से व्यवहार करता है, इसलिए उपयोगकर्ताओं को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।

xi. घरेलू उद्योग पुरानी सल्फोनेशन संलयन प्रक्रिया पर निर्भर करता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

xii. अपने उपयोगकर्ता लाभप्रदता विश्लेषण में, घरेलू उद्योग ने टेक्नो वैक्सकेम से संबंधित आंकड़ों को गलती से 'करोड़ों' में दर्शाया, जबकि वे 'लाखों' में थे।

छ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

117. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. जनहित का निर्धारण (क) समान वस्तु के घरेलू उत्पादक, (ख) उत्पाद के घरेलू उपभोक्ताओं, (ग) उत्पादक और उपभोक्ता दोनों उद्योगों में अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योगों, और (घ) आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा परिमाणित प्रभाव विचाराधीन उत्पाद के प्रमुख उपभोक्ता वर्ग पर है। जबकि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अन्य वर्गों में अधिक प्रभाव का दावा किया है, ऐसे वर्गों के उपयोगकर्ताओं ने वर्तमान जाँच में भाग नहीं लिया है।

iii. तत्काल डाउनस्ट्रीम उद्योग पर प्रभाव की गणना नहीं की जा सकती क्योंकि यह विचाराधीन उत्पाद की लागत में वृद्धि को अपने डाउनस्ट्रीम उद्योग पर

डाल देता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि अतीत में विचाराधीन उत्पाद की उच्च कीमतों के कारण टेक्नो वैक्सकेम की लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। इस प्रकार, प्रभाव की गणना उस उद्योग पर की गई है जो पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव वहन करता है।

iv. चूँकि यह उत्पाद खुदरा स्तर पर नहीं बेचा जाता है और टायर उद्योग की कीमतों में रेसोर्सिनॉल की कीमत में परिवर्तन के कारण उतार-चढ़ाव नहीं होता है, इसलिए उत्पाद के अंतिम उपभोक्ता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

v. डाउनस्ट्रीम उत्पाद में विचाराधीन उत्पाद की लागत में वृद्धि के संबंध में प्रभाव का परिमाणन किया गया है। अन्य सभी मानदंड समान स्तर पर रखे गए हैं।

vi. चूँकि रेसोर्सिनॉल एक कमोडिटी उत्पाद है, इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की जाने वाली और संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं के बीच कोई अंतर नहीं है। उपभोक्ता प्रस्तावित कीमतों के आधार पर आपूर्तिकर्ताओं को बदलने में सक्षम हैं।

vii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उत्पादों के लिए आवेदक को अनुचित लाभ नहीं होगा क्योंकि यह संबद्ध वस्तुओं को बाजार संचालित कीमतों पर डाउनस्ट्रीम उत्पादन के लिए स्थानांतरित करता है।

viii. आवेदक ने केवल उन्हीं मामलों में आपूर्ति से इनकार किया है जहाँ उपभोक्ताओं ने अनुचित रूप से कम कीमतों की मांग की थी। उपभोक्ताओं ने आवेदक से मूल्य उद्धरण लिए हैं और निर्यातकों के साथ कीमतों पर बातचीत की है।

ix. अमेरिकी उत्पादक के बंद होने के बाद, उपभोक्ताओं ने अतुल से संपर्क किया क्योंकि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति की कमी थी। हालाँकि आवेदक उस समय आपूर्ति करने में असमर्थ था क्योंकि वह नियमित ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा था, यह देश में घरेलू उत्पादन के महत्व को दर्शाता है।

x. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, अमेरिकी उत्पादक के बंद होने के बाद कीमतों में वृद्धि बाजार में मांग-आपूर्ति की शक्तियों के कारण हुई थी। संबद्ध वस्तुओं की कीमत न केवल घरेलू उत्पादक के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकों के लिए भी बढ़ी और यहाँ तक कि चीन और जापान के उत्पादकों ने भी कीमतें बढ़ा दीं। यदि पाटन पर लगाम नहीं लगाई गई और घरेलू उद्योग को उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर किया गया तो ऐसी ही स्थिति पैदा हो सकती है।

xi. आवेदक ने पिछली जाँच अवधि की तुलना में अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है। आवेदक ने आगे भी क्षमताओं के विस्तार की योजना बनाई है।

xii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के निवेदनों के विपरीत, भले ही घरेलू उद्योग ने क्षमता विस्तार की योजना नहीं बनाई हो, फिर भी यह घरेलू उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं के विरुद्ध उपाय प्राप्त करने से नहीं रोकता है।

xiii. चीन अपने घरेलू बाजारों में उचित बाजार स्थितियाँ बनाए रखता है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि उसने जापान से आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है। इसके अतिरिक्त, अतीत में, चीन द्वारा अमेरिका से आयात पर भी पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था।

xiv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के विपरीत, माँग-आपूर्ति का अंतर शुल्क न लगाने का कारण नहीं हो सकता है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात पर प्रतिबंध नहीं लगेगा। प्राधिकारी ने पिछले कई मामलों में, जहाँ माँग-आपूर्ति का अंतर था, पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।

xv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों के विपरीत, पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग अप्रतिस्पर्धी नहीं बनेगा क्योंकि केवल भारतीय डाउनस्ट्रीम उद्योग को ही अन्य देशों के डाउनस्ट्रीम उद्योग की तुलना में कम कीमत पर कच्चा माल उपलब्ध है। इसके अलावा, निर्यात के उद्देश्य से, डाउनस्ट्रीम उद्योग पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना अग्रिम प्राधिकारी के तहत उत्पाद का आयात कर सकता है।

xvi. इस दलील के विपरीत कि घरेलू उत्पाद डाई संश्लेषण के लिए अलग तरह से व्यवहार करता है, घरेलू उद्योग डाई संश्लेषण खंड में ग्राहकों को आपूर्ति करता रहा है।

xvii. यह उत्पाद अत्यधिक पूंजी गहन है और बाजार की स्थिति किसी भी नए निवेश के लिए अनुकूल नहीं है।

xviii. घरेलू उद्योग की दलीलों के विपरीत, चूँकि वैश्विक स्तर पर केवल 3 निर्माता हैं, इसलिए घरेलू उद्योग के लिए अपनी व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए भारत में उचित बाजार मूल्य स्थापित करना महत्वपूर्ण है।

xix. छोटे पैमाने के उपयोगकर्ता घरेलू उद्योग से कम मात्रा में खरीद करने में सक्षम हैं। हालाँकि, वे इतनी कम मात्रा में सीधे आयात नहीं कर पाएंगे और व्यापारियों को अधिक कीमत चुकाने के लिए मजबूर होंगे।

xx. चीनी और जापानी उत्पादकों की संयुक्त क्षमता उनके देश में घरेलू मांग से अधिक है। भारत एक आकर्षक बाजार है जिसके कारण संबद्ध देशों के उत्पादकों ने भारत को निर्यात के लिए कीमतें कम कर दी हैं।

xxi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों की दलीलों के विपरीत, आवेदक के संयंत्र को भारत में सक्षम प्राधिकारियों द्वारा हानिकारक नहीं पाया गया है।

xxii. चूंकि विचाराधीन उत्पाद टायर उद्योग का एक नगण्य हिस्सा है, इसलिए टायर निर्माताओं के साथ-साथ टायर कॉर्ड फैब्रिक निर्माताओं ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है।

xxiii. टेक्नो वैक्सकेम अन्य देशों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर चीन को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करता है। या तो एक प्रतिपूरक समझौता है या उत्पाद में उच्च मार्जिन शामिल है जो टेक्नो वैक्सकेम को कम कीमत वसूलने की अनुमति देता है।

xxiv. कम कीमतों पर आयात के कारण जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जांच की अवधि के बाद मात्रा के साथ-साथ मूल्य मानदंड और भी खराब हो गए हैं।

xxv. आवेदक आत्मनिर्भर भारत और कच्चे माल की घरेलू खरीद को बढ़ावा देता है।

छ.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

118. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापारिक प्रथाओं से घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुली और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का माहौल बने। पाटनरोधी उपायों का उद्देश्य संबद्ध देशों से आयात को मनमाने ढंग से कम करना नहीं है, बल्कि यह समान अवसर सुनिश्चित करने का एक तंत्र है। प्राधिकारी स्वीकार करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में उत्पाद के मूल्य स्तर प्रभावित हो सकते हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन उपायों के लागू होने से भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का सार अक्षुण्ण रहेगा। पाटनरोधी उपायों का लागू होना पाटन प्रथाओं के माध्यम से अनुचित लाभ अर्जित करने से रोकने का काम करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं में बाधा नहीं, बल्कि सहायक हैं।

119. प्राधिकारी ने आयातकों, उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए, जांच आरंभ अधिसूचना जारी की। घरेलू उद्योग, उत्पादकों/निर्यातकों और आयातकों/उपयोगकर्ताओं/उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को वर्तमान जांच से संबंधित प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने की अनुमति देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, जिसमें उनके संचालन पर पाटनरोधी शुल्क का संभावित प्रभाव भी शामिल है।

120. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कि विचाराधीन उत्पाद एक कमोडिटी उत्पाद है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग का पहुँच मूल्य और बिक्री कीमत एक साथ चलते हैं। चूँकि यह एक कमोडिटी उत्पाद है, इसलिए उपयोगकर्ता आसानी से आपूर्तिकर्ता बदल सकते हैं और अनुमोदन की कोई लंबी आवश्यकता नहीं है।

121. वैश्विक स्तर पर संबद्ध वस्तुओं के केवल तीन उत्पादक हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कि यद्यपि घरेलू उद्योग में भारत में कुल मांग के [***]% को पूरा करने की क्षमता है, फिर भी जांच अवधि के दौरान इसका बाजार ***% से नीचे रहा है। डाउनस्ट्रीम उद्योग के लिए आपूर्ति के कोई वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, ऐसे मामले में, घरेलू उद्योग की व्यवहार्यता बनाए रखना आवश्यक है।

122. प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में मांग-आपूर्ति में अंतर है और विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में और निवेश की आवश्यकता है। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन हेतु संयंत्र अत्यधिक पूंजी गहन है। संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए, एक उत्पादक को ब्राउन फील्ड निवेश हेतु [***] मीट्रिक टन क्षमता हेतु ₹ [***] करोड़ का निवेश करना आवश्यक है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि घरेलू उद्योग का नियोजित पूंजी पर प्रतिफल ऋणात्मक है और इसलिए, किसी भी नए संयंत्र के लिए निवेश व्यवहार्य नहीं है।

123. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए क्षमता विस्तार की योजनाएँ साझा की हैं। हालाँकि, वर्तमान बाजार स्थिति के कारण ऐसे निवेश संभव नहीं हैं। घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा, नकद घाटा हुआ है और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक प्रतिफल दर्ज किया गया है। ऐसी स्थिति में, आवेदक या किसी अन्य उत्पादक द्वारा भारत में निवेश करने की संभावना नहीं है।

124. भारत में मांग-आपूर्ति के अंतर के निवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि मांग-आपूर्ति का अंतर भारत में पाटन का औचित्य नहीं है। प्राधिकारी ने विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत उत्तर के आधार पर पाटन मार्जिन निर्धारित किया है। पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करने से नहीं रोकता है।

125. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कहा है कि घरेलू उद्योग ने डाउनस्ट्रीम उद्योग को उत्पाद की आपूर्ति करने से इनकार कर दिया है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि आपूर्ति करने से इनकार अमेरिकी उत्पादक के बंद होने के समय वैश्विक स्तर पर सामग्री की अत्यधिक कमी के कारण था, हालाँकि, उस समय भी, घरेलू उद्योग ने नियमित ग्राहकों को आपूर्ति करने से इनकार नहीं किया था। घरेलू उद्योग ने आगे कहा है कि ये अनुरोध उन उपयोगकर्ताओं द्वारा किए गए हैं जो हमेशा उत्पाद के आयात पर निर्भर रहे हैं और केवल कमी की अवधि के दौरान ही घरेलू उद्योग से संपर्क करते हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में उत्पाद के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगेगा, बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि ये उचित मूल्य पर उपलब्ध हों।

126. आवेदक द्वारा कैप्टिव उपभोग और निर्यात बाजार पर ध्यान केंद्रित करने के निवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी ने पहले ही नोट कर लिया है कि मांग-आपूर्ति का अंतर प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करने से नहीं रोकता है।

127. इस अनुरोध के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग की लागत बढ़ जाएगी और यह अव्यवहार्य हो जाएगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डाउनस्ट्रीम उद्योग की व्यवहार्यता विचाराधीन उत्पाद की पाटित कीमतों पर निर्भर नहीं हो सकती। किसी भी स्थिति में, अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, विचाराधीन उत्पाद के लिए तत्काल डाउनस्ट्रीम उद्योग पास-थ्रू प्रकृति का है। विचाराधीन उत्पाद की कीमत में परिवर्तन के साथ डाउनस्ट्रीम उत्पाद की कीमतें भी बदलती रहती हैं।

128. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन ने अपने बाजार में उचित मूल्य बनाए रखने के लिए जापान से विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है। इस प्रकार, चीन में विचाराधीन उत्पाद के एकमात्र उत्पादक को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

129. इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक डाउनस्ट्रीम विनिर्माताओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है और पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से उसे अनुचित लाभ होगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अभिलेखों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह पता चले कि आवेदक को उस समय लाभ हुआ जब विचाराधीन उत्पाद की कीमतें अधिक थीं। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि वह विचाराधीन उत्पाद को बाजार संचालित कीमतों पर डाउनस्ट्रीम उद्योग को हस्तांतरित करता है। इस प्रकार, डाउनस्ट्रीम उत्पाद में आवेदक को कोई अनुचित लाभ नहीं होगा।

130. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद वर्तमान में भारतीय डाउनस्ट्रीम उद्योग को पाटित कीमतों पर उपलब्ध है। वैश्विक स्तर पर विचाराधीन उत्पाद के केवल तीन विनिर्माता हैं। चूँकि चीन जनवादी गणराज्य और जापान में विचाराधीन उत्पाद की कीमत भारत में विचाराधीन उत्पाद की कीमत से अधिक है, इसलिए भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग अन्य देशों के डाउनस्ट्रीम उद्योग की तुलना में अप्रतिस्पर्धी नहीं बनेगा। निर्यात बाजार में डाउनस्ट्रीम उद्योग के प्रदर्शन के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डाउनस्ट्रीम

उत्पाद के निर्यात हेतु, उपयोगकर्ता उद्योग, पाटनरोधी शुल्क का भुगतान किए बिना, अग्रिम लाइसेंस के तहत विचाराधीन उत्पाद का आयात कर सकता है।

131. इस अनुरोध के संबंध में कि भारतीय रेसोर्सिनॉल डाई संश्लेषण के लिए अलग तरह से व्यवहार करता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अभिलेखों में उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार, घरेलू उद्योग डाई संश्लेषण खंड को संबद्ध वस्तुओं की आपूर्ति करता रहा है। चूँकि उपयोगकर्ताओं ने घरेलू उद्योग से नियमित रूप से संबद्ध वस्तुओं की खरीद की है, इसलिए उक्त खंड के लिए घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद की स्वीकार्यता पर कोई संदेह नहीं है।

ज. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

132. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने जारी किए गए प्रकटन विवरण के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. याचिका में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु दावा किए गए समायोजनों के साक्ष्य शामिल नहीं हैं और आवेदक ने इस संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

ii. प्राधिकारी ने प्रकटन विवरण में दिए गए जापान से आयातों और आवेदन में आवेदक द्वारा दिए गए अंतर का कारण नहीं बताया है।

iii. एससीसी देश में एकमात्र उत्पादक होने के कारण जापान में कीमतें अधिक हैं। एससीसी घरेलू बाजार में प्रीमियम वसूलने में सक्षम है क्योंकि यह जापान में एकमात्र आपूर्तिकर्ता है।

iv. पूरी क्षति अवधि के लिए कीमत कटौती का आकलन किया जाना चाहिए।

v. भारतीय बाजार में कीमतों में गिरावट बाजार के सामान्य होने के कारण है जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग की निर्यात कीमत में भी गिरावट आई है।

vi. 2021-22 के दौरान लंबे समय तक बंद रहने और चीन में अपेक्षाकृत कम मांग के कारण वैश्विक बाजार में चीन से अतिरिक्त आपूर्तिकर्ता थे। इससे वैश्विक बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति हुई जिससे रेसोर्सिनॉल की कीमत सामान्य हो गई।

vii. आवेदक और चीन के उत्पादक के बीच कीमत युद्ध के कारण एससीसी को भारतीय बाजार में कीमत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि जापान से आयात कीमत 2022-23 तक स्थिर रही, लेकिन इस अवधि में भी घरेलू उद्योग की पहुँच कीमत और बिक्री कीमत में गिरावट आई।

viii. आवेदक की मालसूची में वृद्धि बाजार की गतिशीलता की अनदेखी करने और उसके एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता होने के कारण हुई है।

ix. आवेदक अपनी कीमतें संबद्ध आयातों की कीमतों से ऊपर रखने के बावजूद अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सक्षम रहा है। इस प्रकार, आयात की कीमत के कारण आवेदक की बाजार हिस्सेदारी प्रभावित नहीं होती है।

x. प्राधिकारी ने आवेदक के एनएफए और मूल्यह्रास में बेतुके उतार-चढ़ाव का कोई कारण नहीं बताया है।

xi. यद्यपि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के जांच के बाद की अवधि के आंकड़ों पर भरोसा किया है, तथापि, जांच की बाद की अवधि के लिए पहुँच कीमत और पाटन की जांच नहीं की गई है।

xii. प्राधिकारी ने अकुशल प्रौद्योगिकी के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों का विश्लेषण नहीं किया है। घरेलू उद्योग को क्षति केवल उपयोग की गई उत्पादन प्रौद्योगिकी के कारण हुई है।

xiii. घरेलू उद्योग को क्षति मांग में गिरावट के कारण हुई है। यद्यपि आवेदक को मात्रा संबंधी क्षति नहीं हुई होगी क्योंकि मांग घरेलू उद्योग की क्षमता से अधिक है, फिर भी उसने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी कीमतें कम कर दीं।

xiv. यद्यपि प्राधिकारी ने नोट किया है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि वैश्विक स्तर पर सभी उत्पादकों को प्रभावित करेगी, लेकिन इस वृद्धि का एससीसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि वह निजी तौर पर बेंजीन का उत्पादन करता है। हालाँकि, आवेदक बेंजीन खरीदता है।

xv. जब पाटनरोधी शुल्क लागू था और बाजार में आपूर्ति की कमी थी, तब आवेदक ने व्यापारिक बाजार में संबद्ध वस्तुओं की अधिक मात्रा में आपूर्ति नहीं की। आवेदक का ध्यान निजी उपभोग और निर्यात बाजार पर केंद्रित रहा।

xvi. घरेलू उद्योग की बिक्री लागत उसकी अकुशल उत्पादन प्रक्रिया के कारण अधिक है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से प्रयोक्ता उद्योग को अनावश्यक रूप से दंडित किया जाएगा।

xvii. चूँकि वैश्विक स्तर पर उत्पादकों की संख्या सीमित है, इसलिए बाजार पर कड़ा नियंत्रण है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने से भारत में प्रयोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

xviii. 20% पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उत्पाद की लागत 13-18% बढ़ जाएगी।

xix. बेंचमार्क शुल्क पूर्व में प्रभावी थे, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि इनकी न तो समीक्षा की गई और न ही इसका समय विस्तार किया गया था क्योंकि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई थी।

xx. आयातकों का अनुरोध है कि मूल्यानुसार शुल्क लगाया जाना चाहिए। चूँकि संबद्ध वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव होता रहता है, इसलिए स्थिर या संदर्भ मूल्य शुल्क लगाना प्रयोक्ताओं के लिए दंडात्मक होगा।

xxi. रेसो-टार संबद्ध वस्तुओं का एक उप-उत्पाद है और कुछ रेजिन के उत्पादन में संबद्ध वस्तुओं के लिए प्रत्यक्ष 1:1 विकल्प के रूप में कार्य करता है। आवेदक इसका उपयोग निजी रूप से करता है और इसे व्यापारिक बाजार में नहीं बेचता है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग की लागत की जाँच कर सकते हैं और यह भी देखें कि क्या ऐसी लागत की वसूली पर विचार किया गया है।

ज.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

133. घरेलू उद्योग ने जारी किए गए प्रकटन विवरण के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

xxii. उपयोगिता की प्रति इकाई लागत निकालने, निर्यात प्रोत्साहन का उपचार और विचाराधीन उत्पाद के लिए कार्यशील पूंजी की गणना करने की पद्धति के संदर्भ में घरेलू उद्योग के दावे के साथ तुलना करते समय क्षतिरहित कीमत की गणना में त्रुटि प्रतीत होती है।

xxiii. आवेदक ने संबद्ध देशों में उत्पादकों द्वारा किए गए बीजक-पश्चात छूट और प्रतिपूरक करारों के संबंध में साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। आवेदक अनुरोध करता है कि उस पर विचार किया जाना चाहिए।

xxiv. आवेदक ने क्षति अवधि से पहले क्षमताओं का विस्तार किया है और आगे क्षमता विस्तार की योजना बना रहा है। हालाँकि, संबद्ध वस्तुएँ पूंजी गहन प्रकृति की हैं, और वर्तमान बाजार स्थिति किसी भी आगे के निवेश के लिए अनुकूल नहीं है।

xxv. भारत में अपने उत्पाद के लिए बाजार की कमी के कारण घरेलू उद्योग को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। घाटे में बेचने और संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करने के बाद भी, घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है।

ज.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

134. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात किए गए अनुरोधों की जाँच की है और नोट करते हैं कि कई अनुरोध पुनरावृतियाँ हैं जिनकी पहले ही उचित रूप से जाँच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराओं में पर्याप्त रूप से समाधान किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन के बाद की टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों और साक्ष्य सहित समर्थित मुद्दों को प्राधिकारी द्वारा संगत माना गया है और उसकी जांच निम्नानुसार की गई है।

135. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि आवेदक ने निर्यात कीमत में समायोजन के साक्ष्य का प्रकटन नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने सहयोगी उत्पादक द्वारा प्रस्तुत उत्तर के आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित की है। इसके अलावा, निर्यात कीमत के लिए किए गए समायोजनों का उल्लेख प्रकटन विवरण में किया गया था।

136. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत आयात मात्रा और प्राधिकारी द्वारा विचारित आयात मात्रा के बीच असमानता का कारण नहीं बताया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जहाँ आवेदक ने आयात मात्रा का आकलन करने के लिए अपनी बाजार आसूचना पर भरोसा किया है, वहीं प्राधिकारी ने जारी किए गए प्रकटन विवरण में डीजी प्रणाली के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

137. जहाँ तक इस अनुरोध का संबंध है कि जापान में कीमतें एससीसी के देश में एकमात्र उत्पादक और आपूर्तिकर्ता होने के कारण अधिक हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादक द्वारा इसका कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया। इसके अतिरिक्त, उत्पादक ने यह प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया कि घरेलू बाजार में कीमतें अत्यधिक अधिक हैं। केवल इस तथ्य को कि कोई उत्पादक देश में एकमात्र उत्पादक है, कीमतों को बढ़ा-चढ़ाकर बताए जाने का कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि घरेलू वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा में उत्पाद का आयात हमेशा देश में किया जा सकता है। इसलिए, यह तथ्य कि बाजार में एकमात्र उत्पादक मौजूद है, प्रतिस्पर्धा के अभाव का संकेत नहीं देता। इसे देखते हुए, प्राधिकारी इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों में कोई दम नहीं पाते।

138. इस निवेदन के संबंध में कि समग्र क्षति अवधि के लिए मूल्य कटौती का निर्धारण नहीं किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि मूल्य कटौती का निर्धारण केवल जाँच अवधि के लिए किया जाता है क्योंकि घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति का निर्धारण जाँच अवधि के संदर्भ में किया जाता है, और क्षति की प्रवृत्ति का निर्धारण क्षति अवधि के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने समग्र क्षति अवधि के लिए मूल्य दमन और अवमंदन की जाँच की है।

139. इन अनुरोधों के संबंध में कि बाजार का सामान्यीकरण इस तथ्य से स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग की निर्यात कीमत में गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. और जापान में कीमतें भारत की तुलना में अधिक हैं, जो संबद्ध देशों के

उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत उत्तर से स्पष्ट है। ऐसी स्थिति में, भले ही वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट आई हो, भारतीय बाजार में स्पष्ट पाटन है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात अपनी बिक्री लागत से अधिक कीमतों पर किया है, जबकि उसने घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं को अपनी बिक्री लागत से कम कीमतों पर बेचा है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग अभी भी निर्यात बाजार में लाभ कमा रहा है। ऐसे मामले में, घरेलू उद्योग को क्षति भारत में पाटन के कारण हुई है, न कि बाजार के सामान्य होने के कारण।

140. इन अनुरोधों के संबंध में कि 2021-22 में चीन जन.गण. में शटडाउन और मांग में गिरावट के कारण अतिरिक्त आपूर्ति हुई, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. में मांग में गिरावट का कोई साक्ष्य नहीं है। इसके अतिरिक्त, यदि 2021-22 में मांग में गिरावट आई भी, तो जांच की अवधि में ऐसी गिरावट का कोई साक्ष्य नहीं है जिससे भारत में कीमतों में गिरावट आई हो। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों के उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत उत्तरों से यह स्पष्ट है कि ऐसे उत्पादक भारत में संबद्ध वस्तुओं का पाटन कर रहे हैं। इस प्रकार, भारतीय बाजार में कीमतों में गिरावट पाटन के कारण हुई है।

141. जहां तक इन अनुरोधों का संबंध है घरेलू उद्योग और चीन के उत्पादकों के बीच कीमत युद्ध के कारण एससीसी को कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जापान से पहुंच कीमत चीन की पहुंच कीमत से कम है। ऐसे मामले में, यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि एससीसी की ओर से कीमत में गिरावट अन्य उत्पादकों की ओर से कीमतों में गिरावट के कारण है। किसी भी स्थिति में, जापान का उत्पादक भारतीय बाजार में पाटन कर रहा है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि उक्त उत्पादक द्वारा प्रस्तुत प्रतिक्रिया के आधार पर पाटन मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

142. इन अनुरोधों के संबंध में कि संबद्ध देशों के उत्पादक बीजक-प्रक्रिया के बाद छूट प्रदान कर रहे हैं और उन्होंने प्रतिपूरक करार किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सहयोगी उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना का सत्यापन किया गया है। प्राधिकारी ने सत्यापित आंकड़ों के आधार पर पाटन मार्जिन निर्धारित किया है।

143. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि आयात कीमत का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि घरेलू उद्योग अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सक्षम रहा है, भले ही इसकी बिक्री कीमत आयात कीमत से अधिक है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने जाँच की अवधि के दौरान घाटे में बिक्री की है। घाटे में बिक्री के कारण, घरेलू उद्योग अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में सक्षम रहा है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने घाटे में बिक्री की है, फिर भी क्षति अवधि के दौरान उसकी मालसूची में वृद्धि हुई है।

144. जहाँ तक इन अनुरोधों का संबंध है कि घरेलू उद्योग की सूची में बाजार की गतिशीलता की अनदेखी करने और एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता होने के कारण वृद्धि हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी स्थिति में जहाँ घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है, यह नहीं माना जा सकता कि घरेलू उद्योग एक अविश्वसनीय आपूर्तिकर्ता था। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के लिए अपनी संपूर्ण क्षमताओं का उपयोग करने हेतु बाजार में पर्याप्त मांग है। तथापि, यद्यपि उसने अपनी कुल क्षमताओं का उपयोग नहीं किया है, फिर भी मालसूची में वृद्धि हुई है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने घाटे में बिक्री की है, फिर भी उसकी मालसूची में वृद्धि हुई है क्योंकि पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रही थी। इससे पता चलता है कि भारत में पाटन के कारण घरेलू उद्योग भारतीय बाजार में अपने उत्पाद बेचने में असमर्थ है।

145. जाँच की अवधि के बाद के आंकड़ों पर विश्वास करने के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच की अवधि के दौरान पाटन के कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। अतः, जाँच की अवधि के बाद के आंकड़ों की जाँच की कोई आवश्यकता नहीं है।

146. इन अनुरोधों के संबंध में कि घरेलू उद्योग की लागत पुरानी उत्पादन प्रक्रिया के कारण है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उसके द्वारा अपनाई गई उत्पादन प्रक्रिया स्थिर, कुशल और अधिक पर्यावरण अनुकूल है। इसके अतिरिक्त, यह भी अनुरोध किया गया है कि सल्फोनेशन संलयन प्रक्रिया में पूंजीगत निवेश अपेक्षाकृत कम है। इसके अलावा, रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, आवेदक की कच्चे माल की लागत एसआईओएन मानदंडों की तुलना में

[***] रु. प्रति किलोग्राम कम है। अतः, यह नहीं कहा जा सकता कि घरेलू उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया अकार्यक्षम है। इसके अतिरिक्त, जैसा कि संबंधित पैराओं में उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग को किसी भी विगत वर्ष में क्षति नहीं हुई है, यद्यपि वह उसी उत्पादन प्रक्रिया का उपयोग कर रहा था।

147. जहाँ तक इन अनुरोधों का संबंध है कि घरेलू उद्योग को क्षति माँग में कमी के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट आई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट भारत में पाटन के कारण हुई है। संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रही हैं। चूँकि संबद्ध वस्तुएँ एक कमोडिटी उत्पाद हैं, इसलिए घरेलू उद्योग को अपनी बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए अपनी बिक्री लागत से नीचे कीमतें कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

148. इन अनुरोधों के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच की अवधि में घरेलू उद्योग की कच्चे माल की लागत में गिरावट आई है । पहुँच कीमत और कच्चे माल की लागत के बीच अंतर कम हुआ है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को हुई क्षति कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण नहीं है।

149. मूल्यह्रास और एनएफए में वृद्धि के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने व्ययों के आवंटन और संविभाजन की कार्यप्रणाली का सत्यापन किया है और पाया है कि ये व्यय पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध III के सिद्धांतों और सामान्य लागत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार हैं। इसके अतिरिक्त, जैसा कि संबंधित भाग में उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग को हुई क्षति मूल्यह्रास में वृद्धि के कारण नहीं है क्योंकि पीबीडीआईटी, जिसमें मूल्यह्रास और ब्याज शामिल नहीं है, में भी गिरावट आई है।

150. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि नहीं हुई, जबकि बाजार में कमी थी और पाटनरोधी शुल्क लागू था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्डों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो दर्शाता हो कि उस समय घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि नहीं हुई थी। इसके अतिरिक्त, भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होता है। इस प्रकार, यदि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में सुधार

नहीं भी होता है, तो भी वह पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद अपने उत्पाद को उचित कीमत पर बेच सकेगा।

151. इन अनुरोधों के संबंध में कि भारतीय बाजार में उत्पादकों की संख्या सीमित है और पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग की लागत बढ़ जाएगी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत में डाउनस्ट्रीम उद्योग को अन्य देशों में संबद्ध वस्तुओं की कीमतों की तुलना में बहुत कम कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं तक पहुँच प्राप्त है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि संबद्ध देशों के उत्पादक भारत में आयात की कीमतों से अधिक कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं को बेच रहे हैं। पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में डाउनस्ट्रीम उद्योग को कोई नुकसान नहीं होगा। दूसरी ओर, पाटनरोधी शुल्क लगाने से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की भरपाई हो जाएगी। चूँकि भारत में केवल एक ही उत्पादक है, इसलिए ऐसे उत्पादक की व्यवहार्यता बनाए रखना आवश्यक है।

152. इन अनुरोधों के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से डाउनस्ट्रीम उत्पाद की लागत में 15-18% की वृद्धि होगी, प्राधिकारी ने संबंधित खंड में पहले ही नोट कर लिया है कि डाउनस्ट्रीम उद्योग पास-थ्रू प्रकृति का है। ऐसी स्थिति में डाउनस्ट्रीम उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अतिरिक्त,रिकॉर्डों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि विचाराधीन उत्पाद पर पूर्व में लगाए गए पाटनरोधी शुल्क का डाउनस्ट्रीम उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं की कीमत विगत में अपेक्षाकृत अधिक थी। तथापि, ऐसी अवधि के दौरान डाउनस्ट्रीम उद्योग के निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का कोई साक्ष्य नहीं है।

153. प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार, आवेदक ने क्षति अवधि से पहले क्षमताओं का विस्तार किया था। इसके अतिरिक्त, आवेदक ने क्षमताओं का और विस्तार करने के अपने इरादे को दर्शाने वाले साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। आवेदक ने अनुरोध किया है कि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन हेतु एक नया ब्राउनफील्ड संयंत्र स्थापित करने के लिए [***] करोड़ रु. या [***] लाख रु. प्रति मी. टन के निवेश की आवश्यकता है। चूँकि आवेदक को जाँच की अवधि के दौरान वित्तीय हानि के साथ-साथ नकद हानि भी हुई है, इसलिए वर्तमान बाजार स्थिति किसी और निवेश के लिए अनुकूल नहीं है।

154. उपयोगिता की प्रति इकाई लागत निकालने, निर्यात प्रोत्साहन के उपचार और विचाराधीन उत्पाद के लिए कार्यशील पूंजी की गणना में कार्यप्रणाली के संदर्भ में घरेलू उद्योग के दावे के साथ तुलना करते समय क्षतिरहित की (एनआईपी) की गणना में त्रुटि के संबंध में , प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षतिरहित कीमत का निर्धारण जांच की अवधि और क्षति की अवधि के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्पादन की लागत से संबंधित आंकड़ों के आधार पर किया गया है, जिसका सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध III के सिद्धांतों को लागू करते हुए नमूना आधार पर विधिवत सत्यापन किया गया था। एनआईपी का निर्धारण करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता, कच्चे माल और उपयोगिताओं के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए कार्यशील पूंजी के निर्धारण की कार्यप्रणाली के संबंध में, बहु-उत्पाद कंपनी के मामले में विचाराधीन उत्पाद के लिए कार्यशील पूंजी निर्धारित करने हेतु प्राधिकारी की सुसंगत कार्य-प्रणाली का इस मामले में पालन किया गया है।

155. पाटनरोधी शुल्क के स्वरूप के संबंध में, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में मानक शुल्क लगाने की सिफारिश की है। इस प्रकार के शुल्क से यह सुनिश्चित होगा कि भारत में उचित कीमत बहाल हों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई हो।

156. इन अनुरोधों के संबंध में कि प्राधिकारी को उप-उत्पाद की वसूली का सत्यापन करना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने उप-उत्पाद का निजी उपभोग किया है। प्राधिकारी ने ऐसे उप-उत्पाद के लिए ऋण को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत का निर्धारण किया है।

झ. <u>निष्कर्ष एवं सिफारिशें</u>

157. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने; और रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के पश्चात, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि:

i. विचाराधीन उत्पाद रेसोर्सिनॉल है, जिसे बाजार की भाषा में 1,3-बेंजीनडायॉल; 1,3-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्जीन; 3-हाइड्रॉक्सीफेनॉल; रेसोर्सिन मेटा-डाइहाइड्रॉक्सीबेन्जीन के नाम से भी जाना जाता है और इसका रासायनिक सूत्र सी6एच602 है।

ii. विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन सुफोनेशन फ्यूजन प्रक्रिया, हाइड्रोपरऑक्सीडेशन प्रक्रिया या एमपीडीए हाइड्रोलिसिस प्रक्रिया का उपयोग करके किया जा सकता है। तथापि, अंतिम उत्पाद की विशेषताओं में कोई अंतर नहीं है, चाहे उनका उत्पादन सल्फोनेशन-फ्यूजन, हाइड्रोपरऑक्सीडेशन या एमपीडीए हाइड्रोलिसिस प्रक्रियाओं का उपयोग करते हुए किया गया हो।

iii. घरेलू उद्योग ने भारत में आयात की जा रही संबद्ध वस्तुओं के समान वस्तु का उत्पादन किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए अलग-अलग विनिर्माण प्रक्रियाएं होने के बावजूद, अंतिम उत्पाद का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है।

iv. आवेदक ने अनुसंधान एवं विकास उद्देश्यों के लिए क्षति अवधि के दौरान चीन जन.गण. में अपनी संबंधित इकाई से विचाराधीन उत्पाद की नगण्य मात्रा का आयात किया था। चूँकि ऐसे आयात मात्रा में नगण्य थे और जाँच की अवधि से पहले किए गए थे, इसलिए प्राधिकारी का मानना है कि ऐसे आयात वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ आवेदक की घरेलू उद्योग के रूप में मान्यता प्राप्त करने की पात्रता में बाधा नहीं डालते हैं।

v. आवेदक भारत में संबद्ध वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक है और इस प्रकार, भारत में संपूर्ण घरेलू उत्पादन का उत्तरदायित्व उसी का है। नियम 2(ख) के अनुसार आवेदक घरेलू उद्योग है।

vi. प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ डीजी प्रणाली के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

vii. संबद्ध देशों के सभी उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

viii. प्राधिकारी ने क्षति का संचयी मूल्यांकन किया है क्योंकि वर्तमान जांच में संचयी मूल्यांकन की सभी शर्तें पूरी हो गई हैं।

ix. भारत में पाटन के कारण घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। यह निम्नलिखित से स्पष्ट है:

(क) संबद्ध आयातों की मात्रा 2022-23 तक बढ़ी, लेकिन जाँच की अवधि में इसमें गिरावट आई। हालाँकि, जाँच अवधि में आयात की मात्रा आधार वर्ष में आयात की मात्रा से अधिक थी।

(ख) संबद्ध आयात भारत में होने वाले आयातों का संपूर्ण हिस्सा हैं।

(ग) सभी संबद्ध देशों से कीमतों में कटौती सकारात्मक और अधिक है।

(घ) संबद्ध आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास और न्यूनीकरण हुआ है। जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है, आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट के कारण क्षति अवधि में बिक्री कीमत में गिरावट आई है। जबकि पिछले वर्ष की तुलना में जाँच की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत दोनों में गिरावट आई है, बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री लागत में गिरावट से अधिक थी।

(ड) घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमतों को अपनी बिक्री लागत से एक बिंदु नीचे तक कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

(च) क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

(छ) क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल में भी गिरावट आई है।

(ज) जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा और नकद घाटा हुआ है।

(झ) घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान नियोजित पूंजी पर नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया है।

(.ञ) संबद्ध आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिनकी कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम हैं।

(ट) घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है क्योंकि घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा, नकद घाटा हुआ है और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक प्रतिफल दर्ज किया गया है।

x. आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से कम है। निर्धारित क्षति मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

xi. घरेलू उद्योग को हुई क्षति भारतीय बाजार में पाटन के कारण हुई है। किसी अन्य ज्ञात कारक से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

xii. घरेलू उद्योग के प्रदर्शन पर कोविड-19 या अमेरिका में उत्पादक के बंद होने के प्रभाव का कोई साक्ष्य नहीं है।

xiii. पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित के विरुद्ध नहीं होगा। इस संबंध में प्राधिकारी निम्नलिखित नोट करते हैं।

क. पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारतीय उद्योग को उचित अवसर मिलेगा।

ख. विचाराधीन उत्पाद एक कमोडिटी उत्पाद है, जो प्रयोक्ताओं को आवश्यकतानुसार आपूर्तिकर्ताओं को बदलने की अनुमति देता है।

ग. घरेलू उद्योग में भारत में [50%] मांग को पूरा करने की क्षमता है, हालाँकि, इसका हिस्सा 20% से कम रहा है।

घ. संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन वैश्विक स्तर पर केवल तीन उत्पादकों द्वारा किया जाता है। आपूर्ति के पर्याप्त वैकल्पिक स्रोतों की कमी को देखते हुए, घरेलू उद्योग की आर्थिक व्यवहार्यता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ङ. मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन को उचित नहीं ठहराता है। किसी भी स्थिति में, आयात मांग-आपूर्ति के अंतर से अधिक है।

च. पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में आयात प्रतिबंधित नहीं होगा।

छ. घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि से पहले ही क्षमताओं का विस्तार कर लिया है। घरेलू उद्योग की क्षमता विस्तार की आगे भी योजनाएँ हैं।

ज. वर्तमान बाजार की स्थिति नए निवेश के लिए व्यवहार्य नहीं है। यदि स्थिति में सुधार नहीं किया जाता है, तो घरेलू उद्योग उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर हो जाएगा, जिससे भारत में मांग-आपूर्ति का अंतर बढ़ जाएगा।

झ. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन बंद करने की स्थिति में, भारतीय आयातक पूरी तरह से आयात पर निर्भर हो जाएँगे क्योंकि देश में घरेलू आपूर्ति का कोई स्रोत नहीं होगा।

ञ. डाउनस्ट्रीम उद्योग, डाउनस्ट्रीम उत्पाद के निर्यात हेतु अग्रिम प्राधिकारी योजना के अंतर्गत, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात कर सकता है। इस प्रकार, प्रयोक्ता वैश्विक बाजार में अप्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे।

158. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच शुरू की गई थी और इसे सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया था तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के पहलू पर सकारात्मक जानकारी प्रदान करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जाँच शुरू करने और उसका संचालन करने के बाद, प्राधिकारी का विचार है कि पाटन और क्षति की भरपाई के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है। इसलिए, प्राधिकारी इसे आवश्यक समझते हैं और संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

159. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से जो भी कमतर हो, उसके बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर

किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयात पर, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, जो संबद्ध वस्तुओं के पहुंच मूल्य और नीचे दी गई तालिका के कॉलम 7 में दर्शाए गए संदर्भ कीमत के बीच के अंतर के बराबर होगा, बशर्ते पहुंच मूल्य कॉलम 7 में दर्शाए गए मूल्य से कम हो।

शुल्क तालिका

क्र. सं.	**शीर्ष**	**विवरण**	**मूलता का देश**	**निर्यात का देश**	**उत्पादक**	**संदर्भ कीमत**	**यूनिट**	**मुद्रा**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	2907 21 00	रेसोर्सिनॉल	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	झेजियांग हांगशेंग केमिकल कंपनी लिमिटेड	6244	एमटी	यूएसडा.
2.	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	क्र.सं. 1 में उल्लिखित देश के अलावा कोई अन्य देश	6244	एमटी	यूएसडा.
3.	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. और जापान के अलावा कोई भी देश	चीन जन.गण.	कोई	6244	एमटी	यूएसडा.

4.	-वही-	-वही-	जापान	जापान सहित कोई भी देश	सुमितोमो केमिकल कंपनी लिमिटेड	6244	एमटी	यूएसडा.
5.	-वही-	-वही-	जापान	जापान सहित कोई भी देश	क्र.सं. 4 में उल्लिखित देश के अलावा कोई अन्य देश	6244	एमटी	यूएसडा.
6.	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. और जापान के अलावा कोई भी देश	जापान	कोई	6244	एमटी	यूएसडा.

160. इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए आयातों का पहुंच मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के तहत सीमा शुल्क द्वारा निर्धारित मूल्यांकन योग्य मूल्य होगा और इसमें उक्त अधिनियम की धारा 3, 3ए, 8बी, 9 और 9ए के तहत शुल्कों को छोड़कर सभी सीमा शुल्क शामिल होंगे।

ञ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

161. इन अंतिम जांच परिणामों के कारण प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाने वाले आदेश के विरुद्ध अपील इस अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद और सेवाकर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

सिद्धार्थ

(सिद्धार्थ महाजन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी